

मेट्रो Rays आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 28 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-15 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 263 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028




4 ▶▶ तेज प्रताप ने बिहार की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया

दीपिका पादुकोण ने रिपस्टि के लिए मांगी 20 करोड़ फीस... ◀◀ 6

# बड़ा तालाब से युवती का शव बरामद, कल से थी लापता



- परिजनों ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट मोबाइल लोकेशन से मिला सुराग
- किसी बात से नाराज होकर घर से चली गई थी युवती

संवाददाता

**रांची:** शहर के बड़ा तालाब से आज सुबह एक युवती का शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान सुखदेव नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक वह मंगलवार से लापता थी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सुखदेव नगर थाना में दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सुखदेव नगर पुलिस ने रात भर युवती की तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। इस बीच पुलिस को मोबाइल टावर लोकेशन से जानकारी मिली कि युवती, कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब के आसपास है लेकिन पुलिस के वहां पहुंचने के बाद भी वह नहीं मिली।

काफी खोजबीन के बाद भी युवती का कहीं पता नहीं चल रहा था, जबकि उसका मोबाइल लोकेशन लगातार बड़ा तालाब के पास ही मिल रहा था। उसी दौरान आशंका जताई गई कि युवती ने कही बड़ा तालाब में छलांग तो नहीं लगा दी है। जिसके बाद बुधवार की सुबह यह आशंका सच साबित हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवती का शव तालाब में देखा गया है। जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस और सुखदेव नगर पुलिस दोनों ही मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाल गया, जिसकी पहचान उसी लापता युवती के रूप में हुई।

# मणिपुर में बीजेपी ने पेश किया सरकार बनाने का दावा, राज्यपाल से मिले विधायक



**इंफाल :** मणिपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इन विधायकों में 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया कि इनके पास 22 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मिलने के बाद विधायक राधेश्याम ने कहा, हमारे पास 44 विधायकों का समर्थन है और सभी भाजपा विधायक जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। हम राज्यपाल से हमारे बहुमत पर विचार करने और त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। राज्यपाल से दावे की समीक्षा करने और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार निर्णय लेने की उम्मीद है। मंगलवार को मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला के साथ राज्य की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और उनसे ग्वालताबी घटना को सुलझाने के लिए प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए आमंत्रित करने का आग्रह किया। पिछले हफ्ते ग्वालताबी घटना को लेकर विरोध प्रदर्शनों ने मैतेई-आबादी वाले इंफाल घाटी को हिलाकर रख दिया है।

## नक्सलियों ने डेढ़ टन विस्फोटकों से भरा ट्रक लूटा, झारखंड-ओडिशा बॉडर पर पुलिस अलर्ट

**रांची:** नक्सलियों के खिलाफ एक ओर सुरक्षाबलों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, दूसरी ओर नक्सलियों ने ओडिशा के राउकेला जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। नक्सलियों ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को लूट लिया है। बताया जा रहा है कि उस ट्रक में करीब डेढ़ टन विस्फोटक था। यह ट्रक राउरकेला के केबलांग थाना क्षेत्र से होते हुए बांको पत्थर खनन की ओर जा रहा था। सूत्रों के अनुसार नक्सलियों ने ट्रक को रोककर उसके चालक को बंधक बना लिया और ट्रक को जबरन सारंडा के घने जंगल की ओर ले गए। घटना के बाद से झारखंड और ओडिशा पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है।

## ईंधन टैंकर, ट्रक और वैन में टक्कर, 12 की मौत

**हरारे:** जिम्बाब्वे में मिडलैंड्स प्रांत के क्वेके के पास एक राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक ईंधन टैंकर, एक ट्रक और एक वैन की टक्कर होने से 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के प्रवक्ता पॉल न्याथी ने एक बयान में कहा कि दो ट्रेलर वाला पेट्रोल टैंकर सामने से आ रहे एक ट्रक और वैन से टकरा गया। टैंकर वैन को कई मीटर तक घसीटते हुये वैन के ऊपर ही पलट गया, जिसके कारण वैन में सवार 12 लोगों की मौत हो गयी। फिलहाल, मृतकों की पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, कई दुर्घटनाएं लापरवाही, तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जबकि कुछ हादसे खराब वाहनों की वजह से भी होते हैं।

## फ्रांस और पनामा ने कहा- इंडिया आंतक विरोधी महायोद्धा

**नई दिल्ली:** भारत द्वारा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में शुरू किए गए कूटनीतिक अभियान को बड़ी सफलता मिली है। हाल ही में भारत सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल 33 देशों में भेजा, जिसमें फ्रांस और पनामा में हुई बैठकों ने खासा असर डाला है। इन दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का पुरजोर समर्थन किया है। पेरिस में बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस की संसद के उच्च सदन में उपराष्ट्रपति जैकलीन ब्रिनियो और भारत-फ्रांस मैत्री समूह के प्रमुख सांसदों से मुलाकात की।

# अज्ञात अपराधियों ने दो हाइवा फूंका, चालक के साथ की मारपीट

### एक हिरासत में, छानबीन में जुटी पुलिस

संवाददाता

**पलामूः** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के जौरा में अज्ञात अपराधियों ने स्टोन माइंस में खड़े दो हाइवा में आग लगा दी है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। घटना मंगलवार देर रात की है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस इलाके में छापेमारी कर रही है।

पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के जौरा में मंगलवार की देर रात 9 के करीब अपराधी स्टोन माइंस के पास पहुंचे और ड्राइवर के साथ मारपीट की। साथ ही अन्य कर्मियों को भी धमकी दी गई। इसी दौरान अपराधियों ने स्टोन माइंस के पास खड़े दो हाइवा को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची थी और पूरे मामले में छानबीन की जारी है।



पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस को कई बिंदुओं पर जानकारी मिली है। घटना को अंजाम देने वालों ने एक नए आपराधिक गिरोह को खड़ा किया है।

बता दें कि जिस जगह पर यह घटना हुई है, वह छतरपुर थाना से 14 से 15 किलोमीटर की दूरी पर है। पुलिस के अनुसार स्टोन माइंस संचालक या हाइवा मालिक को किसी भी प्रकार की नक्सली या आपराधिक संगठन से धमकी नहीं मिली थी। पीड़ित की तरफ से पुलिस को आवेदन दिया जा रहा है, जिसके बाद पूरे मामले में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

चेहरे पर कपड़ा बांध कर आये थे अपराधीः शिवम स्टोन के संचालक उमाकांत जायसवाल उर्फ मुन्ना जायसवाल ने बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात अपराधियों ने दोनों हाइवा को जला दिया। इस घटना से करीबन 60 लाख का नुकसान हुआ है। चालक ने वाहन नहीं जलाने की आग्रह भी किया, लेकिन अपराधियों ने चालक के साथ मारपीट की और हाइवा में आग लगा दी। घटना की सूचना छतरपुर पुलिस को दी गयी है। करीब 9 अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। सभी अपराधियों का चेहरा कपड़े से ढंका हुआ था। उनके पास पिस्टल और भरठुआ बंदूक भी था।

# आधी रात में गोलियों से गूंज उठी सड़कें, 2 एनकाउंटर, 3 अपराधी फरार

**बलियाः** जिले की कोतवाली पुलिस ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 2 शातिर बदमाशों को गोली मारकर घायल कर दिया, जबकि तीन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। दोनों घटनाएं करीब डेढ़ घंटे के अंतराल पर हुईं।

दरअसल, अपराध पर शिकंजा कसने के लिए कोतवाली पुलिस जांच अभियान चला रही थी। इसी बीच पहली मुठभेड़ बुधवार तड़के करीब डेढ़ बजे जगन्नाथ चौधरी तिराहा से ददरी मेला मार्ग के पास हुई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान रवि प्रकाश पांडेय उर्फ रोहित पांडेय पुत्र उमेश चंद्र पांडेय, निवासी परसिया, वर्तमान में सतनी सराय, भृगु आश्रम के रूप में हुई।



**आरोपी के कब्जे से सामान बरामदः** पुलिस को घायल बदमाश के पास से एक तमंचा और दो कारतूस के साथ एक बाइक बरामद हुई। इसके अलावा, आरोपी के दो सहयोगी फरार होने में सफल रहे। फरार होने वाले आरोपियों की पहचान आशुतोष यादव और आशु यादव के रूप में हुई है, जो कि भृगु आश्रम और जमुआ के निवासी हैं।

**दूसरी मुठभेड़ः** पुलिस और अपराधियों के बीच दूसरी मुठभेड़ रात करीब 2 बजे माल्देपुर मोड़ तिराहे के पास हुई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान मुकेश कुमार सिंह उर्फ अंशु सिंह पुत्र दिलीप सिंह, निवासी पियरौटा जिला बलिया के रूप में हुई। इस मुठभेड़ में एक आरोपी भागने में सफल रहा। भागने वाले आरोपी की पहचान रोहित वर्मा उर्फ सरल, निवासी देवरिया खुर्द के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। तीनों फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# ज्वेलरी शॉप से लाखों की चोरी



**गिरिडीहः** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान में चोरी होने से हड़कंप मच गया। मंगलवार रात चोरों ने दुकान का ताला काटकर 6 हजार रुपये नकदी समेत ढाई लाख रुपए से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

गिरिडीह बगोदर क्षेत्र के जमुना नगर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरी की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 6 हजार नकदी के अलावा ढाई लाख रुपए से अधिक के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

दुकानदार जब सुबह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान के अंदर रखे सामान गायब हैं। पीड़ित सुधीर प्रसाद सोनी ने बताया कि बक्से में ज्वेलरी और अन्य सामान रखा हुआ था, जिसका ताला तोड़कर चोरी की गई है। सामान चोरी करने के बाद आरोपियों ने बक्से को खेत में फेंककर फरार हो गए। चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में भारी गुस्साः वहीं, मौके पर पहुंचे मुखिया संतोष प्रसाद ने कहा कि अटका में लगातार चोरी की घटना हो रही है। 15 दिन पहले भी सोलर प्लेट सिस्टम की चोरी हुई थी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटना की रोकथाम की मांग की। पंचायत समिति सदस्य टेक नारायण साव ने भी पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि अटका में तेजी से बढ़ रहे चोरी के मामलों पर रोक लगाई जाए।

### बढ़ने लगे कोरोना के मामले

# महाराष्ट्र में 66, यूपी में 10 नए मामले, अबतक 11 की मौत

**नई दिल्लीः** देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में फिर से इजाफा होने लगा है। देश में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ने लगे है। कोरोना वायरस के मामले रोजाना सामने आ रहे है। भारत में बुधवार की सुबह तक कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 1047 पर पहुंच गई है।

महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 66 मामले और उत्तर प्रदेश में 10 नए मामले सामने आए है। कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या अब देश में 11 हो गई है। वहीं देश में कोरोना वायरस को लेकर तैयारियां भी स्वास्थ्य विभाग शुरू कर चुका है। कई राज्यों ने अस्पतालों को गाइडलाइन जारी की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 मई तक के आंकड़े साझा कर बताया कि देश में 1010 एक्टिव मामले थे, जिनकी संख्या बढ़ चुकी है। महाराष्ट्र में 66 मामले देखने को मिले है। इनमें सबसे अधिक मामले मुंबई से 31 मामले आए है। वहीं कुल मामलों की संख्या 325 हो गई है। मुंबई में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए अस्पतालोंको भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए है। अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य सुविधाएं बनी रहे इसकी तैयारी की जा रही है। मुंबई के जेजे अस्पताल में 15 बेड वाला आइसोलेशन वॉर्ड भी बना दिया गया है।



उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के 36 एक्टिव मामले दर्ज हुए है। गाजियाबाद में भी कोरोना के मामलों में इजाफा हो रहा है। कोरोना वायरस के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए अब अस्पतालों को भी एक्शन मोड में आने के निर्देश दिए गए है। कोरोना की कुल संख्या गाजियाबाद में 14 हो गई है। यहां अस्पताल में एक मरीज भर्ती है जबकि एक चार महीने का शिशु भी कोरोना संक्रमित पाया गया है। राजस्थान में भी कोरोना की दस्तक हो गई है। बीते कुछ दिनों में यहां सात मामले दर्ज हुए है। एक नवजात भी कोरोना संक्रमण का शिकार हुआ है।

# गुलवीर सिंह एशिया के नये चैंपियन 10 हजार मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

### सर्विन सेबेस्टियन को 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक




**गुमी (दक्षिण कोरिया):** भारतीय एथलीटों ने मंगलवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित चैंपियनशिप में भारतीय धावक गुलवीर ड्रूषसह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी चौथे स्थान पर रहने के बाद 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम स्थान से चूक गईं। पुरुषों की तीन हजार मीटर, पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने गुमी में 10 हजार मीटर स्पर्धा 28:38.63 का समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, जापान के मेबुकी सुजुकी ने (28:43.84) समय के साथ रजत और बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने (28:46.82) समय के साथ कांस्य पदक जीता।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**चतरा:** सदर थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सदर थाना क्षेत्र के बरैनी गांव से लोकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। लोकेश के विरुद्ध सदर थाना में लूटपाट का एक मामला दर्ज था। मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने शहर के चूड़ीहार मोहल्ला से मोहम्मद कलाम उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके विरुद्ध सदर थाना में दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज है। मामला दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था। एक अन्य मामले में पुलिस ने पांचवा मोहल्ला से मो. एहतेशाम नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके विरुद्ध सड़क दुर्घटना से संबंधित एक मामला दर्ज है।

### पुलिस ने छह वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**चतरा:** न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने छः वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त के घर मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया हैं। लातेहार जिला बालूमाथ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार रविदास के नेतृत्व में टीएसपीसी नक्सली संगठन के प्राथमिक अभियुक्त चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेपुरा पचमो निवासी ननकु यादव के पुत्र बलवंत जी उर्फ छोटू कुमार के घर पहुंचकर न्यायालय के आदेश पर ग्रामीणों के समक्ष उनके घर में जाकर दीवार पर इश्तेहार चिपकाया। वहीं उनके परिजनों को बताया कि उक्त अभियुक्त को न्यायालय में एक माह के अंदर आत्मसमर्पण करना है। ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए कुर्की जब्ती की जाएगी । बताते चले कि यह अभियुक्त बालूमाथ थाना से छः वर्ष से ऊपर से फरार चल रहे है। मौके पर सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

### चेकिंग अभियान के दौरान 22 हजार की हुई वसूली

**गिद्धौर (चतरा):** थाना परिसर के मुख्य द्वार के समिप डीटीओ इंद्र कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान दर्जनों मोटरसाइकिल की जांच की गई।जिसमें लगभग 20 मोटरसाइकिल की जांच कर चालान काटे गए। जिसमें लगभग 22 हजार रुपये की राजस्व वसूली हुई।जांच के दौरान मोटरसाइकिल के कागजात, लाइसेंस व हेलमेट का जांच किया गया।बताया गया कि दो मोटरसाइकिल को चालान के लिए चतरा भेजा गया है। चेकिंग अभियान में थाना के पुलिस अवर निरीक्षक के साथ साथ पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आफताब अंसारी जैक परीक्षा में बना प्रखंड टॉपर



**गिद्धौर(चतरा):** जैक द्वारा जारी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है।इनमें गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के छात्र आफताब अंसारी 93.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में अव्वल रहा। इसी विद्यालय के सुमित कुमार तथा कृष कुमार 92.20 अंक प्राप्त किया।उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारिसाखी के चांदनी कुमारी 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी के आनंद कुमार दास 88.8 तथा नवीन कुमार रजक 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की रूपा कुमारी 72.60 तथा मधु कुमारी 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

### जेएसएलपीएस के जिला अधिकारी पहुंचे गिद्धौर,किया निरीक्षण



**गिद्धौर (चतरा):** प्रखंड में जेएसएलपीएस के तहत संचालित बीएमएमयू ऑफिस में जिला के अधिकारी पप्पु कुमार,बिमलेश कुमार, राजेश कुमार व मोहम्मद फरहान मंगलवार को गिद्धौर पहुंचे। जेएसएलपीएस कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया।बैठक में क्षेत्र में हो रहे कार्यों का समीक्षा के साथ साथ क्षेत्र के कार्यों का जानकारी जुटाई। वहीं और बेहतर कार्य करने एवं समूह से जुड़े महिलाओं को सशक्त होने के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।मौके पर एफटीसी अनिल प्रजापति,अमरजीत सिंन्हा, सेजल कुमारी,निशांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### मूसलाधार बारिश व तेज आंधी से मकान हुआ ध्वस्त



**गिद्धौर(चतरा):** प्रखंड के मंझगांवा पंचायत के सिंन्दुवारी गांव निवासी रंजीत कुमार दुबे का खपरैल मकान सोमवार को तेज आंधी व पानी से ध्वस्त हो गया।जिसे लेकर भुक्तभोगी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।रंजीत की पत्नी ममता कुमारी ने बताया कि इसी कच्चे मकान में घर के पांच सदस्य गुजर बसर कर रहे थे।कच्चे मकान की हालत जर्जर स्थिति में था।और सोमवार को तेज बारिश से ध्वस्त हो गया।जिससे खाने-पीने का सामग्री भी नष्ट हो गया।उन्होंने कहा के मकान ध्वस्त हो जाने से बेघर हो गए हैं।जिससे काफी परेशानी हो रही है।पति दिहाढ़ी मजदूरी करते हैं जिससे घर चलता है, आगे मकान बनाने में असमर्थ हैं।जिसे लेकर प्रखंड कार्यालय में लिखित आवेदन देकर सहायता की गुहार लगाई है।

राज्य में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 48 आईपीएस अधिकारियों का तबादला, बदले गये 14 जिलों के एसपी

संवाददाता

**रांची:** राज्य में आईएएस अधिकारियों के बाद अब आईपीएस अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है। कई जिलों के एसपी बदले गये हैं।

इससे पहले सोमवार को 20 जिलों के डीसी का तबादला किया गया था और अब 46 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। दो आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कई एडीजी और आईजी बदले गए है। मो अर्शी को सिमडेगा का एसपी बनाया गया है। निधि द्विवेदी को पाकुड़ एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। पियूष पांडेय को जमशेदपुर के एसएसपी की जिम्मेदारी दी गई है। पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार को




धनबाद का एसएसपी बनाया गया है। अमन कुमार को गढ़वा एसपी बनाया गया है। सादिक अनवर रिजवी को लोहरदगा एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। अंजनी अंजन को हजारीबाग जिला का एसपी बनाया गया है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता को जामताड़ा का एसपी बनाया गया है। वहीं अजीत कुमार को रांची के सिटी एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां को गुमला का एसपी बनाया गया है। मनीष टोप्पो को खूंटी जिले के एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। हरविन्दर सिंह को बोकारो एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। सुमित कुमार अग्रवाल चतरा के एसपी बनाये गए है। ऋत्विक श्रीवास्तव धनबाद के सिटी एसपी बनाये गए है।

**अनुराग गुप्ता को छोड़ :** प्रमुख तबादले इस तरह हैं: अमोल वी होमकर, जो पहले आईजी ऑपरेशन्स थे, अब उन्हें आईजी रेलवे बनाया गया है।

- एडीजी प्रिया दुबे को एडीजी आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।
- आईजी प्रभार कुमार, जो स्पेशल ब्रांच में थे, उन्हें आईजी जैप का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।
- एडीजी रेलवे तदाशा मिश्रा को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।
- एडीजी ऑपरेशन्स संजय आनंदराव लटकर को एडीजी रेलवे का कार्यभार दिया गया है।

जैक मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों का रहा दबदबा

## 483 अंक प्राप्त कर कशिश रानी बनी जिला टॉपर, राज्य में नौवां स्थान किया प्राप्त

संवाददाता

**चतरा:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। इसबार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने अपना दबदबा बनाया। लावालौंग प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमटा की छात्रा कशिश रानी 483 अंक लाकर जिला टॉपर बनी। साथ ही राज्य में नौवां स्थान भी प्राप्त किया। प्रोजेक्ट हाई स्कूल बिरहु के हितेश कुमार ने 477 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा, अपग्रेड हाई स्कूल सोखी मयूरहंड की शिवानी कुमारी ने 476 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार उत्क्रमित हाई स्कूल टोनाटांड़ की माही कुमारी 475 अंक के साथ चौथा, अपग्रेड हाई स्कूल परसौनी इटखोरी की



पल्लवी कुमारी 474 अंक के साथ पांचवां, प्रोजेक्ट हाई स्कूल बिरहु के प्रशांत कुमार, एसएसकेबी हाई स्कूल इटखोरी के दीपक कुमार प्रजापति, इंदुमती टिबड़ेवाल हाई स्कूल चतरा की नैंसी राज ने 473 अंक के छठा, एसएस हाई स्कूल प्रतापपुर के विवेक कुमार, उत्क्रमित हाई स्कूल डुमरी बाराबागी के अभय कुमार, इंदुमती टिबड़ेवाल हाई स्कूल चतरा की अंजली कुमारी, अपग्रेड हाई स्कूल सोकी मयूरहंड के रितेश कुमार राणा 472 अंक के साथ सातवां, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोकतमा की वंशिका कुमारी 471 अंक के साथ आठवां, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मरमदीरी के सुशील कुमार, इंदुमती टिबड़ेवाल हाई स्कूल चतरा की रिया कुमारी ने 470 अंक प्राप्त कर नौवां, प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल हंटरगंज की निकी कुमारी, नाजरेथ विद्या निकेतन हाई स्कूल चतरा के देवाशीष कुमार यादव 469 अंक लाकर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। कई विद्यालयों में शत प्रतिशत परिणाम रहा। जिला टॉप टेन में रहने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता ने बच्चो को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया गया।

इंदुमति टिबड़ेवाल विद्या मंदिर में मैट्रिक बोर्ड का रिजल्ट शत -प्रतिशत

## 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ नैन्सी राज ने विद्यालय में किया टॉप



संवाददाता

**छात्र:** मंगलवार को झारखंड बोर्ड दसवीं का परिणाम आया। स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस विद्यालय से कुल 205 परीक्षार्थियों ने जैक दसवीं का परीक्षा दिया था जिसमे सभी ने डिस्टिंक्शन से प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया । बहन नैन्सी राज ने 473 अंक के साथ 94.6 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।शत प्रतिशत परिणाम से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। वहीं बहन अंजली कुमारी ने 94.4% अंक लाकर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। तृतीय श्रेणी में बहन लिया कुमारी ने 94% अंक लाया। चतुर्थ श्रेणी में सोम्या कुमारी ने 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। भैया रिशु कुमार 93.2% अंक के साथ पाँचवें स्थान पर रहे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रभारी, परीक्षा प्रमुख, कक्षा दशम के कक्षाचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष मुकेश शाह ने सभी उतीर्ण भैया बहनो को शुभकामना दी।

चतरा के उपायुक्त के रूप में कीर्तिश्री ने पदभार किया ग्रहण

## विकास योजनाओ को आगे ले जाना प्राथमिकता: उपायुक्त

संवाददाता

,3

**चतरा:** जिले के 39वें उपायुक्त के रूप में मंगलवार को श्रीमती कीर्तिश्री ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में स्वतः पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त उपायुक्त ने कहा कि जिले में में किए गए विकास कार्यों को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। नए उपायुक्त ने



कहा कि जिला के विकास के लिए जो दायित्व मिला है, उस पर शतप्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगी।कहा कि अपने कार्यकाल में जिले को विकास के रास्ते पर ले जाने का हर संभव प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि आजीविका सृजन और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कुछ नया करने का उद्देश्य है।वहीं

जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने भी नयी डीसी कृति श्री का बुके देकर स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र की जनता की ओर से उन्हें बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए डीसी से जिले के लोगों की बहुत अपेक्षाएं हैं। उनके नेतृत्व में जिले का विकास होगा।बताते चलें कि चतरा की नवनियुक्त उपायुक्त कीर्ति श्री जी 17 वें बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे मूल रुप से कर्नाटका की है। उनकी पहली पोस्टिंग बोकारो में डीडीसी पद पर हुई थी। वर्तमान वे झारक्रॉफ्ट के प्रबंध निदेशक के पद पर थी।



### शत- प्रतिशत रहा रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर के 10वीं बोर्ड का रिजल्ट

**चतरा:** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2025 का रिजल्ट इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के भैया शोभित कुमार ने 93% नंबर लाकर प्रथम प्राप्त किया। वहीं बहन पूजा कुमारी 92% अंक लाकर द्वितीय एवं दीक्षा कुमारी 91% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की।वही विद्यालय के टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने में भैया सोनू कुमार 447, अंकित कुमार 444, प्रिया कुमारी 443, काजल कुमारी 441, सुधीर कुमार 438, निशु कुमारी 425, मोहित कुमार 421 एवं अंशु कुमारी 421 अंक प्राप्त किया। वहीं सभी भैया बहनों ने 70% प्लस अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह ने सभी भैया बहनों के उज्जवल भविष्य का कामना देते हुए कहा कि यह पढ़ाई पहला स्टेज है। आगे की पढ़ाई और अधिक मेहनत से करके इससे भी बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए और अपने लक्ष्य की प्राप्ति ओर अग्रसर रहना चाहिए । इस अवसर पर विद्यालय के सचिव गोविन्द खण्डेलवाल ने भैया बहनों को मिठाई खिलाते हुए आशीर्वाद दिया और बोला ऐसे ही विद्यालय का और अपने माता पिता का नाम रौशन करो ताकि हमें आप सभी पर गौरवान्वित महसूस हो।

### ट्रैक्टर मालिकों ने खनन विभाग से की नियमित रूप से चालान दिलाने की मांग

**चतरा:** जिले के ट्रेक्टर मालिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला खनन पदाधिकारी से बालू आपूर्ति के लिए नियमित चालान नहीं मिलने की शिकायत की। इस संबंध में ट्रैक्टर मालिकों ने जिला खनन पदाधिकारी को आवेदन दिया है। इसमें कहा गया है कि जिले में बालू की आपूर्ति सिर्फ एक लोहसिंघना घाट से होती है, जिसके कारण बालू की उपलब्धता में बहुत परेशानी होती है। घाट पर ट्रैक्टर मालिकों से एक ट्रैक्टर बालू (100 सीएफटी) का चालान के नाम पर 2000 (दो हजार रुपए) लिया जाता है। इसके अलावा ट्रैक्टर मालिक को अलग से 1500 रुपए खर्च होता है। इसमें तेल, लेबर लोडिंग, थाना का पेट्रोलिंग खर्चा शामिल है। कुल मिलाकर 3500 खर्चा गिरता है। कहा कि नतीजा यह है कि चतरा में 4000 से 4500 रुपए प्रति ट्रैक्टर बालु बेचना पड़ता है। जो चतरा के आम जनता देने में असमर्थ है। सरकारी आवास बनाने वाले को एक फिक्स राशि मिलती है, जो मंहगा बालु होने के कारण मकान बनाने में दिक्कत होती है। आवेदन में कहा गया है कि बीते 22 मई को घाट पर 6 से 8 ट्रैक्टर बालू लाने गए थे। लोडिंग करने के बाद बोला गया कि चालान नहीं है। उसके बाद 6 ट्रैक्टरों को जोरी थाना प्रभारी ने पकड़ा और उसमें से एक ट्रैक्टर को रात के अंधेरे में खाली कर छोड़ दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि महीना में सिर्फ 10-12 दिन ही चालान मिलता है, शेष दिन नहीं मिलता है।

नव मनोनीत सचिव ने किया आरएनएम कॉलेज का दौरा

## कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

**काम छोटा या बड़ा नहीं होता। मनुष्य की पहचान उसके काम से होती है: प्रो टीएन सिंह**

संवाददाता

**चतरा:** चतरा कॉलेज चतरा के पूर्व प्राचार्य सह राम नारायण मेमोरियल कॉलेज हंटरगंज के नव मनोनीत सचिव प्रो तेज नारायण प्रसाद सिंह के आगमन पर कॉलेज के सभागार में अभिनन्दन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर नव मनोनीत सचिव के आगमन पर फूलों का माला पहना कर स्वागत किया गया।कॉलेज के सभागार में आयोजित समारोह में सबसे पहले स्वयं कर्मियों के पास जाकर बारी बारी से पदवार परिचय लिया।इस महती सभा को संबोधित करते हुए सचिव ने कॉलेज कर्मियों को कर्तव्य और निष्ठा का पाठ पढ़ाया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस कॉलेज से मेरा पुराना संबंध रहा है।अब विधिवत और लिखित इस



महाविद्यालय का परिवार बन गया हूं। एक परिवार की तरह अपने अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की नसीहत किया। कहा कि कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता है। उसके अनुरूप नियमानुसार वेतन दिया जाता है।अपने कर्तव्यों का कौन कितना ईमानदारी से निभाता है यह जीवन का मूल मंत्र है।मनुष्य धन और पद से बड़ा नहीं होता है बल्कि अपने जीवन में अपने कर्तव्यों का कितना ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया है। इसी से मनुष्य बड़ा और महान होता है।मनुष्य अपने अंदर के इंसानियत को खुद पहचानता है। उन्होंने कॉलेज के पठन पाठन को सुदृढ़ करने की वकालत की। लाइब्रेरी प्रयोगशाला,छात्र वृत्ति एडमिशन,एग्जामिनेशन लेखा जोखा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए कई अहम दिशा निर्देश दिया।उन्होंने रोकड़पाल और बर्सर को कई अहम बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया और सुधार करने की बात दोहराई।पूर्व कमिटी के द्वारा किए गए कार्यों की भर्त्सना करते हुए उसमें सुधार लाने की बात दोहराई।गैर जिम्मेदाराना कार्य किए जाने और करने का निंदा किया।प्रो श्री सिंह ने कहा कि नियमानुकूल कार्य से ही संस्था बुलंदी के मुकाम तक पहुंचता है।पद के प्रत्याशा में पूर्व कमिटी के द्वारा किए गए बहाली पर रोष व्यक्त किया।नियम विरुद्ध लॉन दिए जाने पर भी नाराजगी जाहिर किया।कहा कि रोस्टर और पद के अनुरूप कार्यों का बंटवारा किया जाना चाहिए।संस्था हित में सेवा किया जाए अन्यथा अपना बहुमूल्य जीवन का समय बर्बाद न करें यह आप के हित में बेहतर होगा।इसके उपरांत प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य परीक्षा नियंत्रक,बर्सर, टी आर, रुसा कोऑर्डिनेटर,आई क्यू एस सी कोऑर्डिनेटर और एकाउंटेंट के साथ विशेष बैठक कर कॉलेज के विकास,यूजीसी से नेक कराने और आमद खर्च पर विशेष चर्चा की। इस से पहले कॉलेज में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।इस मौके पर कॉलेज के व्याख्याता,और सभी वर्ग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# रांची पहुंची वित्त आयोग की टीम, पतरातू समेत कई जगहों का करेगी भ्रमण, 30 को बैठक

संवाददाता



**रांची :** 16वें वित्त आयोग की 14 सदस्यीय टीम आज यानी बुधवार को अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में चार दिवसीय दौरे के लिए रांची पहुंची। टीम आज राजधानी और आसपास के इलाकों का भ्रमण करेगी। सबसे पहले टीम पतरातू डैम का दौरा करेगी, वहीं शाम को जेल परिसर में स्थित बिरसा मुंडा म्यूजियम का भ्रमण किया जाएगा। जेल परिसर में स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक नृत्य का प्रदर्शन भी होगा।

टीम कल 29 मई को देवघर के बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना करेगी। इसके बाद प्रमंडल स्तर पर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। 30 मई को टीम वापस रांची लौटेगी और स्थानीय निकाय तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों से चर्चा करेगी। तत्पश्चात राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक होगी। इस बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। झारखंड सरकार वित्त आयोग से पूर्वोत्तर राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता को झारखंड को भी दिए जाने की मांग करेगी।

वित्त आयोग की टीम राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ भी बैठक करेगी। शुक्रवार की रात राज्य सरकार की ओर से टीम के लिए रात्रिभोज का आयोजन होगा। 31 मई शनिवार को टीम वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी।

# मृतक छात्र की मां ने हत्या के संदेह में दर्ज कराया नामदर्ज एफआईआर

संवाददाता




**सिल्ली:** 13 वर्षीय मृतक छात्र लोकनाथ महतो की मां लीला देवी ने अपने पुत्र की आत्महत्या पर पूर्ण हत्या का संदेह जताया है। इसे लेकर उसने कई लोगों के विरुद्ध सिल्ली थाने में नामदर्ज एफआईआर किया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार लोटा हेरलाबेड़ा निवासी दिलेश्वर महतो पिता नरेश महतो तथा बगल का गोपाल महतो मनोज महतो पिता विरेन महतो द्वारा कुछ दिन पूर्व गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गयी थी। उसने पूर्ण संदेह जताया है कि इनलोगों ने उनके पुत्र की हत्या की है। ज्ञात हो कि 25 मई को उनका पुत्र लोकनाथ महतो का शव छत के सीढ़ी पर एक महिला का स्टॉल में डगरना पर लटका मिला था। उस दिन मृतक की मां लीला देवी अपने रिश्तेदार राजू महतो के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा के सिलसिले में झालदा गयी हुई थी। बताते चले की मृतक छात्र माइकल स्कूल छोटा मुरी के हॉस्टल मे रहकर पढ़ाई करता था। वह गर्मी छुट्टी में घर आया था और यह दुःखत घटना घटी। ऐसे में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में घटना का खुलासा हो पाएगा कि आत्मकथा है या हत्या।

## पति के लापता होने की दर्ज करायी प्राथमिकी



**सिल्ली :** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के मिश्रा टोली निवासी सुशीला देवी ने अपने पति प्रहलाद महतो 41 वर्ष के लापता होने को लेकर टाटीसिलवे थाने में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। महिला ने बताया अपने स्तर पर काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं कोई पता नही चल पा रहा है उसका पति पेशे में ठेकेदार का काम करता है 26 मई को दिन के करीब 2 बजे काम का साइड जाने के नाम पर घर से निकला था।

## सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**मुरी :** दोपहर दो बजे के करीब सिल्ली बुढाम में सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पुलिस पहुंची अस्पताल लाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। मृतक धर्मेंद्र महतो बिंदी टांड़ कोकालगाम का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार धर्मेन्द्र महतो जोन्हा तरफ से सिल्ली की ओर बाइक से आ रहा था बुढाम में सड़क हादसा हो गया।

# मुख्यमंत्री से मिली मंत्री व अध्यक्ष, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



संवाददाता

**रांची:** झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रभारी जीनल एन गाला, और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

मुख्य रूप से मॉब लिंचिंग पर प्रभावी कानून बनाकर उसे पुनः राज्यपाल के पास भेजने की मांग रखी गई। साथ ही मॉब लिंचिंग में मारे गए लोगों के आश्रितों को सरकारी नौकरी और मुआवजा देने की मांग भी की गई।

इसके अलावा यह भी कहा गया कि झारखंड के संथाल क्षेत्र के मुसलमानों को भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता बांग्लादेशी कहकर मानसिक प्रताड़ना और अत्याचार कर रहे हैं, जिससे राज्य का भाईचारा प्रभावित हो रहा है। ऐसे लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई, ताकि संथाल के मुसलमान सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

इमरान प्रतापगढ़ी ने सरायकेला के चर्च में हुई हमले की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं अस्वीकार्य हैं और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

अंत में यह मांग भी की गई कि झारखंड में 'सरना कोड' को लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जाए, ताकि झारखंड के आदिवासी समुदाय को उनकी संस्कृति और पहचान मिल सके।



## महावीर नायक को पद्मश्री मिलना सम्मान -गौरव का क्षण : विजय शंकर

**रांची:** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने हटिया निवासी महावीर नायक को पद्मश्री मिलने को झारखंड के लिए सम्मान व गौरव का क्षण बताया है। इस उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा,कि महावीर नायक का यह सम्मान झारखंड के लिए ऐतिहासिक क्षण है। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि नागपुरी संस्कृति और आदिवासी-मूलवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने का प्रतीक है। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जाना हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

### राजधानी में भीषण सड़क हादसा

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को मारी टक्कर, पांच घायल

## आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के कटहल मोड़ पुंदाग ओपी के पास नाथ मेंशन अपार्टमेंट के निकट बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक और कार दोनों के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे और मौके पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। उनकी मांग थी कि घटनास्थल पर ब्रेकर बनाया जाए, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुंदाग ओपी प्रभारी के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम हटाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घायलों के इलाज पर नजर रखी जा रही है।

### जामिया उस्मान बिन अफ्फान में जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन

# शिक्षा से व्यक्ति का चरित्र और सोच बेहतर होता है : मुफ्ती नजर तौहीद

मेट्रो रेज



**रांची:** अगर ज्ञान से व्यक्ति का चरित्र और सोच नहीं बदलता तो वह समय की बबार्दी है। ज्ञान वह है जो कर्म के द्वार खोलता है, सोच में सकारात्मक बदलाव लाता है और आखिरत को बेहतर बनाने में मदद करता है। उक्त बातें शेखुल हदीस हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद मुजाहिरी ने कहीं। वह जामिया उस्मान बिन अफ्फान खोरी महवा में दस्तारबंदी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हाफिज के महत्व को समझाते हुए कहा कि कयामत के दिन अल्लाह हाफिजों से कहेगा कुरान को पढ़ता जा और जन्नत की सीढ़ियो पर चढ़ता जा। माता-पिता के महत्व और उनके अधिकार को बताया। इस्लामी तौर-तरीकों से निकाह करें। वहीं, जलसा के संरक्षक हजरत मौलाना नसीम अनवर नदवी ने कहा कि आज यह समझने की जरूरत है कि अल्लाह हमसे क्या चाहता है। अपने रब को पहचाने। अपने आचार-विचार और चरित्र को दुरुस्त करने की जरूरत है। वहीं, बतौर मुख्यअतिथि दारुल उलूम देवबंद के प्रचारक हजरत मौलाना इरफान कासमी ने कहा कि ऐ लोगों अल्लाह की नाफरमानी से बचो। गुनाह का मतलब नाफरमानी है। मां-बाप के शब्दों की नाफरमानी, अल्लाह के हुक्म की नाफरमानी ये नाफरमानी ही गुनाह है। गुनाह से बचाने वाली चीज अल्लाह का डर है। इस्लाम का हुक्म है इबादत के वक्त इबादत करो और तिजारत के वक्त तिजारत करो। वहीं, कोलकाता के इमाम व खतीब हजरत मौलाना मुफ्ती इजहारुल हक नोमानी और जमीयत उलेमा गिरिडीह के अध्यक्ष हजरत मौलाना अकरम कासमी ने भी जलसे को संबोधित किया। जलसे की अध्यक्षता हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद मजाहिरी ने की और संचालन नकीब हिंदुस्तान जनाब मुजाहिद हसनैन हबीबी ने किया। नात ख्वानी शायर इस्लाम जनाब दिल खैराबादी और कारी असद आजमी ने पेश की। जलसे की शुरूआत हजरत कारी सज्जाद द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। जलसे का आयोजन उस्मानिया एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन, जामिया उस्मान बिन अफ्फान के नाजिम व जेयूए पब्लिक स्कूल के निदेशक हजरत मौलाना इलियास मजाहेरी ने किया। मदरसा से पासआउट हाफिजों के सरो पर उलेमा द्वारा पगड़ी बांधी गई। जामिया के पैम्फलेट निदाए उस्मान का विमोचन किया गया। वहीं शायर असद आजमी के नात के बाद मदीना ट्रैवल्स ने घोषणा की गई कि असद आजमी के उमराह का पूरा खर्च मदीना ट्रैवल्स उठाएगा। वहीं, इस जलसे में कई लोगों को उनकी पत्रकारिता और साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। मौलाना इलियास मजाहिरी ने इसी मौके पर मौलाना अशफाक कासमी के नाम सहायक नाजिम की घोषणा की। इस अवसर पर हजरत मौलाना मंजूर कासमी, हजरत मौलाना मुफ्ती सनाउल्लाह, मुफ्ती नसीम, मुफ्ती गुलाम रसूल, हजरत मौलाना मुहम्मद रुस्तम, हजरत मौलाना मुहम्मद जौहर, मौलाना मुजाहिद साहब कासमी, हजरत मौलाना मुहम्मद मासूम, हजरत मौलाना जाहिद हसन, हाफिज मकसूद आलम निदेशक इकरा पब्लिक स्कूल, मुफ्ती अहमद बिन नजर, मौलाना उसामा, समेत सैंकड़ों उलेमा, बुद्धिजीवी शामिल थे।

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉची।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 18/25–26.

1. विभाग का नाम :– ऊर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 05/06/2025 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 06/06/2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 06/06/2025 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सरकुलर रोड, रॉची स्थित स्टेट गेस्ट हाउस के विभिन्न रूम, सूट रूम, एवं कॉन्फ्रेन्स हॉल में अधिष्ठापित स्प्लीट वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,01,726=00 | 750=00 | 9,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | रिम्स, रॉची के सुपरस्पेशिलिटी ब्लॉक (तृतीय तल्ला) के कार्डियोलॉजी, आई0सी0सी0यू0 एवं रिकवरी वार्ड में 72 अदद Extension board एवं 24 अदद कम्प्युटर बोर्ड के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,35,225=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 21 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉची।
PR 353645 (Energy) 25-26 (D)

### शराब घोटाला:विनय चौबे की बढ़ी मुश्किलें

# एसीबी ने शुरू की आईएएस अधिकारी की पत्नी और करीबियों के संपत्ति की जांच

संवाददाता



**रांची:** झारखंड में 38 करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में एसीबी ने आईएएस अधिकारी विनय चौबे के साथ उनकी पत्नी और करीबियों सहित आठ लोगों की संपत्ति की जांच शुरू कर दी है। जिनकी संपत्ति की जांच शुरू की गई है उसमें विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता, शीपिज त्रिवेदी, प्रियंका त्रिवेदी, विनय कुमार सिंह, स्निग्धा सिंह, सीए उपेंद्र शर्मा और धनंजय कुमार सिंह का नाम शामिल है।

एसीबी को प्रारंभिक जांच के दौरान इस बिंदु पर आशंका है कि विनय चौबे ने शराब घोटाला या किसी अन्य अवैध माध्यम से अर्जित पैसे को अपने रिश्तेदारों और करीबियों के माध्यम से संभवतः निवेश किया होगा। इस कारण विनय चौबे और इनके रिश्तेदार के अलावा इनके करीबियों के नाम पर कहां-कहां कितनी जमीन और संपत्ति है, इसके बारे में जानकारी जुटाने के लिए एसीबी द्वारा रजिस्ट्री ऑफिस को भी पत्राचार किया गया है।

एसीबी के अधिकारी खुद भी संपत्ति के बारे में जानकारी एकत्र कर रहे हैं, संपत्ति के संबंध में विस्तार से रिपोर्ट आने के बाद एसीबी के अधिकारियों द्वारा इसकी समीक्षा की जायेगी। समीक्षा के दौरान अगर अवैध संपत्ति अर्जित करने के संबंध में तथ्य मिले तो एसीबी द्वारा विस्तार से संपत्ति के संबंध में जांच के लिए सरकार को रिपोर्ट भेजी जायेगी। सरकार से निर्देश मिलने के बाद आय से अधिक संपत्ति अर्जित को लेकर एसीबी द्वारा अलग से मामला दर्ज किया जायेगा।

बता दें कि एसीबी द्वारा शीपिज त्रिवेदी, विनय सिंह, उमा शंकर सिंह, उपेंद्र शर्मा और धनंजय कुमार सिंह को पूछताछ के लिए सोमवार को नोटिस जारी किया गया था। सभी को विभिन्न तिथियों को पूछताछ के लिए केस के अनुसंधानक ने एसीबी मुख्यालय में बुलाया है। शीपिज त्रिवेदी को 20 मई, विनय कुमार सिंह को 30 मई, उमा शंकर सिंह को 31 मई, उपेंद्र शर्मा और धनंजय कुमार सिंह को 28 मई को बुलाया गया है। इनसे पूछताछ को लेकर एसीबी द्वारा प्रश्नावली तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी, ताकि केस से जुड़े बिंदु सहित विनय चौबे या अन्य किसी बिंदु पर विस्तार से जानकारी हासिल की जा सके।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

13वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नहीं | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड,रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कण्डिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–325/25 2. आवेदक–ओम प्रकाश मेहता 'निराला' 3. पिता–जगदीश प्रसाद मेहता 4. ग्राम–जगहा, पोस्ट–रतनपुर 5. प्रखण्ड–ईचाक थाना–ईचाक 6. लिंग–पुरुष आयु–53 वर्ष 7. पहचान चिह्न–दाहिना तरफ गाल में लहसन का निशान। | ईचाक थाना काण्ड सं0–25/96 | नहीं | कारण :– दिनांक 24.03.1996 को झारखण्ड अलग राज्य नहीं मिलने के कारण आत्मदाह करने का आरोप। जेल की अवधि–23 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–326/25 2. आवेदक–शंकर गुप्ता उर्फ शंकर प्रसाद 3. पिता–स्व0 सीताराम गुप्ता उर्फ लखन प्रसाद 4. ग्राम–कॉलेज मोड़, पोस्ट–कोर्रा 5. प्रखण्ड–कोर्रा थाना–कोर्रा 6. लिंग–पुरुष आयु–71 वर्ष 7. पहचान चिह्न–गंजा सिर। | वाद सं0–361/83 | नहीं | कारण :– दिनांक 11.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य हेतु जेल भरो अभियान चलाना एवं विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। जेल की अवधि–07 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक–327/25 2. आवेदक–विनय कुमार 3. पिता–दीनानाथ कुमार 4. ग्राम–कोर्रा वार्ड नं0–10, पोस्ट–कोर्रा 5. प्रखण्ड–सदर थाना–कोर्रा 6. लिंग–पुरुष आयु–60 वर्ष 7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं है। | वाद सं0–361/83 | नहीं | कारण :– दिनांक 11.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य हेतु जेल भरो अभियान चलाना एवं विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। जेल की अवधि–07 दिन | 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष
PR 353611 (Home)25-26*D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## लालू की चुनौती

लालू प्रसाद यादव का अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित करना डैमेज कंट्रोल की एक कोशिश है। हालांकि इस पूरे प्रकरण से बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आरजेडी के लिए एक नई मुसीबत तो खड़ी ही हो गई है। भले यह मामला तेज प्रताप के निजी जीवन से जुड़ा हो, लेकिन उन पर जिस तरह का एक्शन हुआ, उससे जाहिर है कि इसकी परछाई लालू परिवार और उसकी सियासत पर पड़ने का भी डर है। तेज प्रताप ने 2015 में पहला चुनाव लड़ा था और नीतीश सरकार में स्वास्थ्य व पर्यावरण मंत्री बने थे। तब से अभी तक वह कई बार असहज स्थिति पैदा कर चुके हैं और हर बार परिवार-पार्टी को उनके बचाव में उतरना पड़ा। लेकिन, उनकी कुछ हरकतों ने आरजेडी के परंपरागत समर्थक वर्ग को भी नाराज किया था। बिहार के पूर्व सीएम दरोगा राय की पौत्री के साथ उनकी असफल शादी और अब तलाक का केस पूरे परिवार की किरकिरी करा चुका है। आरजेडी में अपनी भूमिका और कद को लेकर तेज प्रताप कभी संतुष्ट नहीं दिखाई दिए। लालू के उत्तराधिकार के लिए दोनों भाइयों के बीच होड़ की खबरें आती रहीं और यह लड़ाई 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उस समय सतह पर आ गई, जब तेज प्रताप ने एक अलग मोर्चा ही बना दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव में यह स्पष्ट हो गया कि लालू ने अपना उत्तराधिकारी तेजस्वी को चुन लिया है। इस बार आरजेडी का पूरा जोर है कि चुनावी मैदान में उतरने से पहले महागठबंधन की तरफ से सीएम पद का चेहरा तेजस्वी को घोषित कर दिया जाए। हालांकि इसके लिए सभी सहयोगी दलों के बीच सहमति बनाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में 75 सीटों के साथ आरजेडी राज्य में सबसे बड़ा दल बनकर उभरा था। पार्टी अपना वही दबदबा गठबंधन के भीतर भी कायम रखना चाहती है, जबकि कांग्रेस ने संकेत दिए हैं कि उसे पिछलग्गू नहीं, बराबरी का दर्जा चाहिए। पिछले दिनों अपनी राज्य इकाई में बदलाव कर उसने यह मेसेज दे दिया था। आरजेडी के सामने सीट बंटवारे की चुनौती है। उस पर कांग्रेस ही नहीं, वामदल और मुकेश सहनी की वीआईपी जैसे घटक दलों का भी दबाव है। महागठबंधन की तुलना में एनडीए में फिलहाल ज्यादा सामंजस्य नजर आ रहा है। बीजेपी ने साफ कर दिया है कि चुनाव नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा जाएगा। ऐसा नहीं है कि यहां सीट बंटवारे का फॉर्म्युला फिक्स हो चुका है, लेकिन अगर कोई परेशानी है भी तो वह सतह पर नजर नहीं आई है।

## अंग्रेजी की ताकत

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया, लेकिन इतना काफी नहीं था। नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं और आतंकवाद को लेकर उसकी बदली रणनीति से वाकिफ कराने व पाकिस्तान के झूठ का पदार्फाश करने के लिए भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस समय विभिन्न देशों की यात्रा पर निकला हुआ है। इन डेलिगेट्स को भारत का संदेश सटीक और साफ अंदाज में पूरे विश्व तक पहुंचाना है ताकि पाकिस्तान को प्रोपगैंडा का मौका न मिले। कूटनीति में हर शब्द मायने रखते हैं। यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि किस भाषा में बात रखी जा रही है। ऐसे में जब भारतीय प्रतिनिमंडल को दुनिया के हर कोने में जाना है, तब तो और भी अहम हो जाता है कि उनकी आपस की बातों में कोई टकराव या विरोधाभास न हो। मेसेज इस तरह दिया जाए कि सभी उसे एक ही तरह से समझें और इसके लिए अंग्रेजी से बेहतर माध्यम कोई नहीं। अंग्रेजी का कमाल है कि यह सबसे ज्यादा बोली जाने वाली मातृभाषा नहीं है, इसके बाद भी यह दुनिया में सबसे अधिक बोली और समझी जाती है। लगभग 150 करोड़ लोगों ने अंग्रेजी को अपनाया हुआ है। यह इसकी सॉफ्ट पावर है, जिसने विभिन्न इलाकों, संस्कृतियों, कला और साहित्य को आपस में जोड़कर रखा है। अंग्रेजी का विस्तार व्यापक है। कम से कम 55 देशों की यह आधिकारिक भाषा है और 30 से ज्यादा मुल्कों में इसे दूसरी भाषा के रूप में सिखाया-पढ़ाया जाता है। इंग्लिश की यह रीच इसलिए, क्योंकि दुनियाभर का ज्ञान आज इस भाषा में मौजूद है। लगभग 98% साइंस पब्लिकेशन और इंटरनेट पर मौजूद 49% से अधिक कंटेंट अंग्रेजी में है। यानी, किसी भी नई रिसर्च से रूबरू होने और आगे बढ़ने के लिए यह भाषा आनी चाहिए। भारत इस मामले में खुद पर गुमान कर सकता है कि 2011 की जनगणना के मुताबिक उसकी लगभग 10% आबादी अंग्रेजी बोलती है। अगर उन्हें भी शामिल कर लिया जाए, जो अंग्रेजी बोल नहीं सकते, लेकिन पढ़ और समझ सकते हैं तो यह आंकड़ा दोगुना हो जाता है। अंग्रेजी पर पकड़ रखने वाली इतनी बड़ी आबादी किसी और देश के पास नहीं। यह भाषा की ताकत है और इसी के बूते हिंदुस्तान के प्रेफेशनल्स अमेरिका से लेकर यूरोप तक अपना दबदबा बनाए हुए हैं। भाषा संवाद का जरिया भर नहीं, पहचान भी है। लेकिन यह भी सच है कि किसी देश की पहचान केवल उसकी भाषा तक सिमटी नहीं होती। भारत को अपनी अधिक से अधिक आबादी को अंग्रेजी सिखाने पर जोर देना चाहिए और इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं होगा कि इससे भारतीयता कम हो जाएगी।

# तेज प्रताप ने बिहार की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया

बिहार में तय समय के अनुसार, अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। एक दौर में बिहार की राजनीति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले लालू यादव तुरंत समझ गए कि बड़े बेटे की हरकतों का खामियाजा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। पोस्ट और वायरल होते फोटो एवं वीडियो ने तेजस्वी यादव को भी इस बात का अहसास करा दिया कि अगर अब बड़े भाई पर कोई एक्शन नहीं लिया गया तो बिहार में एक बार फिर से उन्हें जनता विपक्ष में बैठने का ही जनादेश देगी।

**संतोष कुमार पाठक**

बिहार के दो पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के बेटे तेज प्रताप यादव ने राज्य की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। कागजों में लालू यादव के छोटे और हकीकत में बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपनी माता राबड़ी देवी के लाडले बेटे माने जाते हैं। बिहार की राजनीति को और खासकर लालू यादव के परिवार को करीब से देखने वाले जानकारों की माने तो, वर्ष 2015 में जब नीतीश कुमार की सरकार में तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था,तभी से रिश्तों में यह खटास शुरू हो गई थी। तेज प्रताप यादव, बड़े बेटे होने के नाते अपने आपको लालू यादव का उत्तराधिकारी मान कर चल रहे थे लेकिन लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। कई जानकर लोग तो यहां तक कहते हैं कि राबड़ी देवी ने अड़ कर तेज प्रताप यादव को जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार में मंत्री बनवाया था। ऐसे में अपने ही बेटे के खिलाफ लालू यादव द्वारा लिए गए एक्शन को काफी आश्चर्य से देखा जा रहा है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव के दबाव में यह फैसला किया है ? एक तरफ जहां इस फैसले के लिए यादव परिवार के एकजुट होने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ किसी को भी इसका भरोसा नहीं हो पा रहा है कि राबड़ी देवी अपने बड़े बेटे को पार्टी और परिवार से निकालने पर तैयार हो गई होंगी ?

तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट से लालू यादव इतना बड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर हो सकते हैं,यह कोई सोच भी नहीं सकता था। तेज प्रताप यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर ऐलान कर दिया था कि वो एक लड़की के साथ 12 साल से रिलेशन में हैं और वो दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हालांकि इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट कर यह दावा किया कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया था और उन्हें बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उसके बाद तेज प्रताप यादव के उस लड़की के साथ कई तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे,जिसने यादव परिवार को असहज कर दिया।



बिहार में तय समय के अनुसार, अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। एक दौर में बिहार की राजनीति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले लालू यादव तुरंत समझ गए कि बड़े बेटे की हरकतों का खामियाजा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। पोस्ट और वायरल होते फोटो एवं वीडियो ने तेजस्वी यादव को भी इस बात का अहसास करा दिया कि अगर अब बड़े भाई पर कोई एक्शन नहीं लिया गया तो बिहार में एक बार फिर से उन्हें जनता विपक्ष में बैठने का ही जनादेश देगी। लालू यादव भी बेटे तेजस्वी यादव के तर्कों से सहमत हो गए और आखिरकार उन्होंने परिवार और पार्टी के मुखिया होने के नाते यह बड़ा फैसला कर लिया।

लालू यादव के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए पोस्ट और उसके बाद तेजस्वी यादव के आए बयान से आप समझ सकते हैं कि इस समय दोनों नेताओं के मन में बिहार का आगामी विधानसभा चुनाव ही चल रहा है। क्योंकि दोनों ही नेता बिहार में एक और चुनावी हार को झेलने की स्थिति में नहीं है। लालू यादव ने तेज प्रताप यादव को निकालने की घोषणा करते हुए लिखा, 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूँ। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है। अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूँ। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सावर्जनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।' इसके बाद तेजस्वी यादव ने भी मीडिया के सामने आकर बयान दिया, 'हमें यह सब चीज ना तो अच्छी लगती है और ना ही हम इसको बर्दाशत करते हैं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है, वह एडल्ट हैं उनको अधिकार है वह क्या निर्णय लेते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष (लालू यादव) ने उनके बारे में क्या कहा है, वह सार्वजानिक कर दिया गया है। वह अपने निजी जीवन में क्या कर रहे हैं वह किसी से पूछ कर नहीं करते हैं। आपके माध्यम से ही हमें यह पता चला है।'

लालू यादव और तेजस्वी यादव भले ही तेज प्रताप यादव की प्रेम कहानी से पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन यह विवाद अभी थमने वाला नहीं है। कई नाम हवा में तैर रहे हैं और एनडीए गठबंधन में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा- हम के संस्थापक संरक्षक जीतन राम मांझी ने बड़ा खुलासा कर इस विवाद को और ज्यादा गरमा दिया है। केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री जीतन राम मांझी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'दरोगा बाबू की पोती ऐश्वर्या के साथ जो लालू परिवार ने किया है उसका बदला आने वाले चुनाव में बिहार की हर महिला लेकर रहेगी। तेज प्रताप जब किसी के साथ रिलेशनशिप में थें तो फिर किसी लड़की की ज़िन्दगी बर्बाद करने का अधिकार लालू परिवार को किसने दिया ? कहीं ऐसा तो नहीं है कि किसी 'सिन्हा' के चक्कर में लालू परिवार अनुष्का यादव की ज़िंदगी भी बर्बाद करवा दे? इसका जवाब लालू परिवार को देश के सामने देना होगा।' जीतन राम मांझी की यह पोस्ट साफ-साफ बता रही है कि लालू यादव द्वारा अपने बेटे को बाहर निकालने के बावजूद यह विवाद अभी थमने वाला नहीं है। क्योंकि बिहार और केंद्र, दोनों जगहों पर सरकार चला रहे एनडीए गठबंधन के नेताओं के पास कुछ और भी नाम हैं।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।**

# नेताओं के बिगड़े बोल के लिए राजनीतिक दल ही जिम्मेदार

दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मयार्दा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी।

**योगेन्द्र योगी**

देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है।

ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती।

दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मयार्दा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मयार्दा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढ? पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः 'बड़ा पप्पू और 'छोटा पप्पू कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को 'एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ये हुस्न परी है, और ये क्या चीज है जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। पहले अपनी बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। सम्राट चौधरी ने कहा था कि आगामी चुनाव में मैदान में उतरने से पहले लालू ने अपनी बेटी की किडनी ले ली। राजद की तरफ से इसे लेकर जमकर आपत्ति जतायी गयी थी। गिरिराज सिंह के बयान पर भी विवाद हुआ था। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा था कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा बुर्के की आड़ में मतदान को प्रभावित करने व रोकटोक पर विवाद करने की घटनाएं सामान्य हैं। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार पोलिंग एजेंटों द्वारा आपत्ति करने पर उनकी पहचान सुनिश्चित करने से किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती है।

उनके इस बयान को लेकर भी हंगामा देखने को मिला था। सैम पित्रोदा अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। पित्रोदा ने रंगभेद को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चाइनीज और दक्षिण के लोग साउथ अफ्रीकन जैसे दिखते हैं। कांग्रेस ने पित्रोदा के इस बयान से किनारा कर लिया। सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने इस मुद्दा बना लिया था। ये उदाहरण बताते हैं कि जहरीले बोलों पर नेताओं को कड़ा सबक मिला होता आज यह हालात पैदा नहीं होते कि कोई मंत्री जैसे संवैधानिक ओहदे पर बैठ कर सेना की जांबाज, देशभक्त और देश की महिलाओं के लिए अग्रणी महिला सैन्य अधिकारी के खिलाफ अमर्यादित बोल बोलने का साहस जुटा पाता। राजनीतिक दल ही सख्त कार्रवाई नहीं करके ऐसे नेताओं को हवा देते हैं। दलों ने गरिमा की यदि कोई सीमा-रेखा तय नहीं की तो आगे भी ऐसी बदजुबानी से देश और समाज शर्मसार होता रहेगा।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# औरंगजेब से जुड़ी है नाथद्वार के श्रीनाथजी मंदिर का इतिहास

राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र में स्थित राजसमंद जिले का एक छोटा सा शहर नाथद्वार है। लेकिन इस शहर की काफी धार्मिक महत्ता काफी ज्यादा है, यह देशभर में काफी फेमस है। इस शहर का मुख्य आकर्षण का केंद्र श्रीनाथजी मंदिर है। श्रीनाथजी को भगवान श्रीकृष्ण का बाल स्वरूप माना जाता है और देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए यहां आते हैं। बता दें कि यहां पर श्रीनाथजी भगवान को यहां पर बाल स्वरूप में पूजा जाता है।

नाथद्वार में स्थित श्रीनाथजी मंदिर में करीब 8 बार भगवान की अलग-अलग प्रकार की पूजा की जाती है। श्रद्धालुओं का मानना है कि श्रीनाथजी भगवान सभी की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। फिर चाहे वह गरीब हो या अमीर, इस मंदिर में हर कोई अपनी मनोकामना लेकर दर्शन के लिए आता है। श्रीनाथजी नाथद्वार में एक भव्य हवेली में विराजमान है। इस हवेली को मेवाड़ के तत्कालीन महाराणा राज सिंह ने बनवाया था। इस हवेली की वास्तुकला देखने लायक है और यह हवेली मेवाड़ की शान का प्रतीक है। श्रीनाथजी मंदिर की कहानी मुगल



बादशाह औरंगजेब के समय से जुड़ी है। औरंगजेब ने अपने शासनकाल में देश के कई हिंदू मंदिरों को तोड़ने का आदेश दिया था। उस दौरान मथुरा में बनी भगवान श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप वाली मूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए दूर ले जाया गया था। इस मूर्ति को मेवाड़ लाया गया था और यहीं पर श्रीनाथजी मंदिर बनवाया गया। हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए यह मंदिर आज भी एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है।

मेवाड़ में वैष्णव संप्रदाय के लोगों द्वारा यह मूर्ति लाई गई थी। उस दौरान मेवाड़ के तत्कालीन शासक महाराणा राज सिंह ने मुगल सम्राट औरंगजेब से मूर्ति की रक्षा किए जाने जा आश्वासन दिया था। जिसके बाद मेवाड़ में इस मूर्ति की पूजा-अर्चना की शुरूआत हुई। बताया जाता है कि यह मूर्ति लाने के दौरान जिस स्थान पर बैलगाड़ी रुक गई थी, उसी स्थान पर एक भव्य हवेली का निर्माण श्रीनाथजी भगवान के लिए किया गया था।

## सेहत

### बढ़ती उम्र में ब्लड प्रेशर की समस्या पर दें ध्यान

बढ़ती उम्र में ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी कई बीमारियां घेर लेती हैं। हालांकि आजकल कम उम्र में भी लोग इन बीमारियों का शिकार होने लगे हैं। शुगर और बीपी को कंट्रोल करने के लिए दवाओं के साथ ही लाइफस्टाइल और डाइट में भी खास बदलाव करने चाहिए। क्योंकि यह एक ऐसी हेल्थ कंडीशन है, जिसको रिवर्स करना आमतौर पर संभव नहीं होता है। हालांकि दवाओं के सहारे इसे मैनेज किया जा सकता है। अगर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की बात करें, तो जब ब्लड का दबाव धमनियों की दीवारों पर बढ़ जाता है। तो हृदय को ब्लड पंप करने के लिए एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ती है। वहीं हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए सही खान-पान और आदतों में बदलाव करना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाने से आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं।

**लहसुन का करें इस्तेमाल** : हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, लहसुन को डाइट में शामिल करने से भी ब्लड प्रेशर कंट्रोल होता है। यह एंजियोटेंसिन को बाधित करता है, जिससे ब्लड आसानी से फ्लो होता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जिससे हाई बीपी और बैड कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल होता है। आप चाहें तो लहसुन से सब्जियों में तड़का लगा सकती हैं। या फिर खाली पेट 1-2 कली लहसुन का सेवन कर सकते हैं।

**जरूर करें प्राणायाम** : ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में कई प्राणायाम भी मदद करते हैं। इनमें भ्रामरी प्राणायाम और अनुलोम-विलोम शामिल है। इसके अलावा ओम का उच्चारण करें। दरअसल, इन सभी चीजों में कोर्टिसोल स्ट्रेस हार्मोन कम होता है और ब्लड सकुर्लेशन में भी सुधार होता है। प्राणायाम करने से नींद अच्छी आती है और बीपी कंट्रोल होता है।

**वजन कम करें** : हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बढ़ा हुआ वजन भी हाइपरटेंशन का मुख्य कारण है। इसलिए दिन में कम से कम 30-45 मिनट वॉक करें, जिससे वेट कम हो सके। इससे ब्लड प्रेशन भी कंट्रोल में रहेगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, कहा-

# जनता को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनके साथ है



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त महोदय के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बातें गंभीरता से सुनीं और उनके समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागों को दिए।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेंशन भुगतान में विलंब, राशन कार्ड में त्रुटि,आवास योजना से वंचित लाभुक, मनरेगा मजदूरी भुगतान,प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित मामले, विकलांग पेंशन, पारिवारिक विवाद, जल-निकासी की समस्या और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से सामने आईं। उपायुक्त हेमंत सती ने उपस्थित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजन की सरकार से सीधी संवाद की एक सशक्त कड़ी है। इसके माध्यम से आम लोग बिना किसी बिचौलिए के सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे जनता की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लें और पूरी ईमानदारी के साथ उनका समाधान करें।जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की श्रेणी विभिन्न विभागों एवं योजनाओं से संबंधित थीं।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच करते हुए शीघ्र समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन शिकायतों का समाधान तत्काल संभव नहीं है।उनके निपटारे की एक समयसीमा तय की जाए और उस पर नियमित रूप से कार्रवाई की जाए।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की रिपोर्ट जिला प्रशासन को समर्पित करें ताकि समाधान की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी सजग एवं उत्तरदायी रहें।जनता दरबार के अंत में उपायुक्त ने आम जनता को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन हर स्तर पर उनके साथ है और उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला शिक्षा स्थापना समिति की संयुक्त बैठक

## उपायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्थापना समिति अनुकम्पा समिति एवं जिला शिक्षा स्थापना समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया। शिक्षा स्वास्थ्य, प्रशासन एवं विकास कार्यों से जुड़े विभागों के कुल 33 मामलों को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें अनुकंपा के 16 मामले, स्थापना विभागीय कार्यवाही से संबंधित 07 मामले तथा स्थानांतरण एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही से जुड़े 10 मामले शामिल थे। उपायुक्त ने सभी प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए मामलों को स्वीकृति प्रदान की। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज अमर जॉन आईन्द, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## झारखंड सीनियर वूशु चैंपियनशिप में साहेबगंज के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** झारखंड वूशु संघ, रांची के तत्वावधान में 26 से 27 मई तक आरके. आनंद स्टेडियम, नामकुम, रांची में 21वीं झारखंड राज्य स्तरीय सिनियर वूशु चैंपियनशिप का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्यभर के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में

**राधिका को रजत पूजा, मीनू व प्रियम को कांस्य**

साहिबगंज जिला वूशु संघ के सचिव सह प्रशिक्षक मृतुंजय राय के नेतृत्व में जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। जिले की चार प्रतिभावान खिलाड़ियों ने पदक जीतकर साहेबगंज का नाम गौरवान्वित किया।राधिका कुमारी ने 65 किलो वर्ग में शानदार फाइट करते हुए रजत पदक हासिल किया। वहीं पूजा कुमारी 48 किलो वर्ग, मीनू कुमारी 45 किलो वर्ग और प्रियम घोष 48 किलो वर्ग ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त हेमंत सती, जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा सहित जिलेवासियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## सिविल सर्जन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा का किया औचक निरीक्षण, दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और उपकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा




मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. परवीन कुमार संथालिया द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने डिलीवरी रूम, आईपीडी और लैब सहित पूरे संस्थान का गहन मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, रोगियों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और उपकरणों की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। मौके पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं तथा साफ-सफाई और रिकॉर्ड की अद्यतन स्थिति बनाए रखें। सिविल सर्जन ने चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति पंजी ,रोस्टर के अनुसार कर्मियों की उपस्थिति आदि को भी बारी बारी से देखे।इस निरीक्षण का उद्देश्य जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा गुणवत्ता की निगरानी करना एवं जिम्मेदार कर्मियों को सक्रिय बनाए रखना हैनिरीक्षण के दौरान जिला डाटा प्रबंधक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



मेट्रो रेज

**उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर रात कटहलबाड़ी खसपुरा गांव में छापेमारी कर इन दोनों को दबोचा गया। दोनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, कटहलबाड़ी खसपुरा गांव की 35 वर्षीय महिला रूलेखा बीबी ने राधानगर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। अपने आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था ।कि 13 मई को दोपहर करीब 2 बजे समरूद्दीन शेख, रसीद शेख, जाकिर शेख और एसराउल शेख नामक व्यक्ति उनके घर में घुस आए थे।आरोपियों ने उन्हें अश्लील गालियां दीं और उन्हें अपना घर व जमीन बेचकर कहीं और चले जाने की धमकी दी। जब रूलेखा बीबी ने इसका विरोध किया।तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पीड़िता ने आरोप लगाया कि रसीद शेख ने उनके बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया और उनके पेट पर लात मारी जबकि एसराउल शेख ने उनका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की थी।रूलेखा बीबी की शिकायत के आधार पर राधानगर थाना में कांड संख्या 176/25 दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की। गुप्त सूचना मिलने के बाद, पुलिस टीम ने छापेमारी कर इस घटना में शामिल रशीद शेख और एसराउल शेख को उनके घर से विधिवत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है और आगे की जांच जारी है।

## जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता सह-चयन 1 जून को

**दुमकाः** जिला एथलेटिक्स संघ की आवश्यक बैठक में पूर्व दिए गए सूचना को आंशिक संशोधित करते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता 1 जून से प्रारंभ होगी जिसमें विभिन्न आयु वर्ग अंडर 14 अंडर 16 और ओपन वर्ग में कराई जाएगी। इस प्रतियोगिता में दुमका जिला के सभी बालक व बालिका खिलाड़ी अपने उम्र प्रमाण पत्र के साथ इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इसमें निम्नलिखित इवेंट होंगे जो इस प्रकार है :-

अंडर 14 वर्ग 60 मी, 600मी, लंबी कूद, ऊंची कूद, भला फेक, गोला फेक। अंडर 16 वर्ग 100 मी, 200मी, 400मी, 800मी,लंबी कूद, ऊंची कूद, भला फेक, गोला फेक तथा सामान्य पुरुष व महिलाओं के लिए 800 मी,1500 मिटर, 100 मीटर की रेस का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता मैं पुरस्कार जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट वह मेडल प्रदान की जाएगी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी को जामताड़ा में आयोजित झारखंड राज्य सब जूनियर प्रतियोगिता जो दिनांक 14 से 15 जून को आयोजित है में दुमका जिला की ओर से भाग लेगी।

# एसकेएमयू के वाणिज्य विभाग में नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन



मेट्रो रेज

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में मंगलवार को नवनामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया, जिसकी पूरी व्यवस्था विभाग के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा की गई थी। समारोह की शुरूआत पारंपरिक लोटा-पानी की रस्म, दीप प्रज्वलन तथा वीर सिदो और कान्हू मुर्मू की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेलकूद प्रतियोगिताएं और परिचय सत्र के माध्यम से नये छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद और समन्वय को बढ़ावा देने का कार्य किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि पीजी की यह यात्रा केवल पाठ्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों को व्यावहारिक जीवन, सामाजिक जिम्मेदारियों और भविष्य के करियर के लिए तैयार करने का भी एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने अनुशासन, नियमितता और सकारात्मक दृष्टिकोण को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों से इन मूल्यों को अपनाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने सीनियर छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन ने विभाग में नेतृत्व और संस्कार की परंपरा को मजबूत किया है।

विभाग के शिक्षक डॉ. बिनोद मुर्मू ने विद्यार्थियों से कहा कि पीजी की पढ़ाई एक सुनहरा अवसर है, जिसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई और आत्मविकास में अपनी ऊर्जा केंद्रित करने की सलाह दी और इसे उनके भविष्य निर्माण की नींव बताया। शिक्षक डॉ. ज्ञान चंद, अमृत होरो और टीपू कुमार ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और समय प्रबंधन, टीमवर्क तथा सतत सीखने की आदत को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभाग के शिक्षक केवल शिक्षक नहीं, बल्कि छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक और सहयोगी हैं।

इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ-साथ वरिष्ठ छात्र-छात्राएं जैसे जागेश्वर सोरेन, नेहा प्रवीण, आदित्य चिराग, रतन राज, सुषमा, अनिमा, मुशर्रफ कमाल, क्रिस्टीना, बिमला, बबली, शफिया सिद्दीका, आनंद, अभिषेक, अर्चा, सुलेमान, विजय, संदीप, दिनेश, अन्नू टुडू, लीना प्रिया, संध्या, सुभान, जनार्धन, काजल आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

अंत में उपरोक्त प्रदर्शन के आधार पर अनु को मिसेज फ्रेशर और अजित हांसदा को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण




**दुमकाः** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की गई। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। उन्होने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा परिसर के अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया।

### नवनियुक्त उपायुक्त ने बाबा मंदिर का निरीक्षण कर विधि व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा




**देवघर :** जिले के नवनियुक्त उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने मंगलवार को बाबा मंदिर पहुँचकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कर जिलावासियों हेतु सुख, शांति और स्वास्थ्य की कामना की। इसके अलावा मंदिर निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों के अलावा मंदिर प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ व्यवस्थापन, कतारबद्ध जलार्पण, सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता और निगरानी, शीघ्र दर्शनम कूपन, श्रद्धालुओं को मिलने वाली व्यवस्थाओं व सुविधाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। मौके पर मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, गोपनीय प्रभारी मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी ,पुलिस पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### मातिउर ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 417 अंक लाकर किया शानदार प्रदर्शन



**साहिबगंज/उधवाः** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक द्वारा मंगलवार को जारी 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों ने कई होनहारों की किस्मत चमकाई है, और इन्हीं में से एक हैं।चांद शहर निवासी मातिउर रहमान। एक वार्ड सदस्य केबलु नदाब के बेटे मातिउर ने कुल 417 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया है। जिससे उनके माता-पिता सहित पूरे गाँव में खुशी की लहर दौड़ गई है।मातिउर ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और अटूट लगन को दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों और माता-पिता के सही मार्गदर्शन ने भी इस मुकाम तक पहुँचने में उनकी भरपूर मदद की। मातिउर ने अपग्रेड हाई स्कूल आतापुर से मैट्रिक की परीक्षा दी थी। मातिउर के पिता एक वार्ड सदस्य हैं, और उनके बेटे की इस उपलब्धि से वे बेहद खुश हैं। मातिउर रहमान का सपना है। कि वह पढ़-लिखकर एक शिक्षक बनें। मातिउर ने अपने इस प्रदर्शन से न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।बल्कि अपने गाँव और स्कूल का भी मान बढ़ाया है।

### बंद घर से पांच लाख के जेवरात सहित नकद की चोरी

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र के करबला रोड स्थित जेपी नगर बीएसएनएल टॉवर वाली गली में रहने वाले अमित कुमार के बंद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधियों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए पचास हजार नगद सहित करीब पांच लाख के जेवरात लेकर फरार हो गए। इस दौरान चोरों ने किचन में उपयोग होने वाले बर्तन सहित अन्य सामानों की भी चोरी कर ली है। चोरी की घटना की जानकारी अमित कुमार को तब हुई जब वह मंगलवार की सुबह घर पहुंचा। घर के अंदर जाने पर देखा की कमरे के सभी दरवाजे के लॉक टुटे हुए थे और अलमीरा में रखा सारा समान बिखरा पड़ा था। जब उसने अलमीरा में चेक किया तो पाया कि नगद 50 से 60 हजार रुपए नगद सहित करीब पांच लाख के जेवरात और कुछ अन्य सामान गायब था। उन्होंने बताया कि शनिवार को वे पचंबा स्थित अपने ससुराल गए हुए थे, फिर वहीं से कोडरमा चले गए। मंगलवार सुबह वापस घर लौटे तो घर की हालत देखकर चौंक गए। उन्होंने मामले की जानकारी नगर थाना पुलिस को देते हुए चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस फिलहाल मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 28 जून से खूंटी में

**खूंटी।** शहीद बिरसा मुंडा के 125वें शहादत दिवस और 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहीद बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, झारखंड के बैनर तले 28 से 30 जून तक तीन दिवसीय इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट में जिले के सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे। 16 टीमों का नॉकआउट मैच खूंटी जिला मैदान (स्टेडियम) में कराया जाएगा। 28 जून और 29 जून को एक-एक टीम सेमीफाइनल में खेलेगी। इसका फाइनल मैच 30 जून को कराया जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य जोन जोनास तिरू के नेतृत्व में सदस्यों ने मंगलवार को जिले की नई उपायुक्त आर रोनीटा को बुके देकर स्वागत किया और टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की। जिला खेल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर टूर्नामेंट की अनुमति मांगी गई है।



# डिंपल कपाड़िया ने दी थी फरहान को धमकी

फरहान अख्तर की फिल्म दिल चाहता है बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म को रिलीज हुए दो दशक हो गए हैं। फिल्म में अक्षय खन्ना, आमिर खान, सैफ अली खान, प्रीति जिंटा और सोनाली कुलकर्णी थीं। फिल्म में डिंपल कपाड़िया भी थीं। हाल ही में फरहान अख्तर ने डिंपल कपाड़िया के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि कैसे उन्होंने कहा था कि उन्हें आंटी न बुलाएं।

डिंपल को आंटी नहीं बुला सकते थे फरहान वेव्स समिट 2025 में फरहान अख्तर ने कहा जब डिंपल कपाड़िया सेट पर आईं, तो मैंने उनसे बात की। मैंने उन्हें फिल्म में लिया था लेकिन मैंने उन्हें कुछ नहीं कहा था, क्योंकि मैं उन्हें डिंपल आंटी नहीं कह सकता था, वह बहुत परेशान हो जातीं। मैं उन्हें डिंपल भी नहीं कह सकता था क्योंकि मुझे लगता था कि उन्हें लगेगा कि मैं बहुत असभ्य हो रहा हूं, इसलिए मैं बस उनसे कहता था जी जी, हां हां, ठीक है ठीक है, हां मैम।

अगर मुंह से आंटी निकलता तो फिल्म छोड़ देतीं

फरहान ने आगे कहा जब हम काम कर रहे थे और हमें उन्हें बुलाना होता था तो मैं कहता था डिंपल मैम को बुलाओ। फिर मैं कहता– क्या आप तैयार हो मैम? कृपया आइए। दो तीन दिन के बाद उन्होंने पूछा कि तुम मुझे मेरे नाम से क्यों नहीं बुलाते हो? इस पर मैंने कहा– मैं नहीं जनता कि मैं आपको क्या बुलाऊं। इस पर उन्होंने कहा– बेहतर है कि तुम मुझे डिंपल बुलाओ। अगर तुम्हारे मुंह से डिंपल आंटी निकला, तो मैं यह फिल्म छोड़ रही हूं इसके बाद फरहान जोर से हंसते हैं और कहते हैं कि मैंने एक बहुत बेहतरीन इंसान के साथ काम किया। साल 2021 में दिल चाहता है फिल्म ने 20 साल पूरे कर लिए थे। इस मौके पर फरहान अख्तर ने लिखा था अगर डिंपल कपाड़िया फिल्म को मना कर देतीं तो वह इस फिल्म को नहीं बनाते। फरहान अख्तर ने उस वक्त लिखा था मुझे लगता है कि अगर आपने मना कर दिया होता, तो शायद मुझे फिल्म बनाना बंद करना पड़ता। मैं शुक्रगुजार हूं कि आपने हां कहा। हमेशा आभारी रहूंगा।

# तन्वी द ग्रेट में द कश्मीर फाइल्स की एक्ट्रेस ने ली एंट्री

बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर अपनी आने वाली फिल्म तन्वी द ग्रेट में बतौर निर्देशक हाथ आजमा रहे हैं। इस फिल्म का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में अनुपम ने बोमन ईरानी, शुभांगी दत्त और जैकी श्रॉफ के फिल्म में होने का खुलासा किया था। अब उन्होंने फिल्म की एक और स्टारकास्ट के नाम से पर्दा उठा दिया है।

इसका खुलासा उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर एक एक्ट्रेस की फोटो शेयर की। इस फोटो में नीचे की तरफ फिल्म का नाम तन्वी द ग्रेट लिखा है, और ऊपर एक्ट्रेस का नाम और उसके किरदार के बारे में बताया गया है। यह एक्ट्रेस द कश्मीर फाइल्स में नजर आ चुकीं अदाकारा पल्लवी जोशी हैं। वह अब इस फिल्म की स्टारकास्ट में शुमार हो चुकी हैं। फिल्म में वह विद्या रैना नाम की महिला का किरदार निभाएंगी।

इस पोस्ट के कैप्शन में अनुपम ने लिखा, मैं पल्लवी जोशी का लंबे समय से प्रशंसक रहा हूं, खासकर उनके टेलीविजन के दिनों से। वह बेहद प्रभावशाली कलाकार हैं। सिनेमा की दुनिया में उनका आना फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक उपहार है, क्योंकि वह बहुत चुनिंदा प्रोजेक्ट्स करती हैं, लेकिन जब भी पर्दे पर आती हैं, उनका अभिनय राष्ट्रीय पुरस्कार के लायक होता है। फिल्म तन्वी द ग्रेट में उनका किरदार प्रेम, गरिमा, त्याग और शक्ति की मिसाल है। वह बिलकुल सहजता से अभिनय करती हैं और उनके साथ काम करना एक सबक की तरह है। आपकी भारतीय सेना के प्रति समझ और संवेदना भी सराहनीय है, जो दूसरों को भी प्रेरित करती है। जय हिंद!





# तेहरान के साथ एक और सफल वर्ष के लिए तैयार मानुषी छिल्लर

मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपना जन्मदिन मना रही हैं। मानुषी छिल्लर अपने बॉलीवुड करियर में एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रही हैं, जिसे उनका अब तक का सबसे परिवर्तनकारी वर्ष कहा जा सकता है। रिलीज़ के लिए पाइपलाइन में दो प्रमुख फ़िल्में हैं, मालिक, एक गैंगस्टर ड्रामा, जिसमें वह राजकुमार राव के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, और तेहरान, एक जियो-पॉलिटिकल थ्रिलर फ़िल्म जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नज़र आएंगी, मानुषी के प्रशंसक मिस वर्ल्ड को फिर से एक्शन में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इन दोनों फिल्मों में मानुषी बिल्कुल नए और अनदेखे अवतारों में नज़र आएंगी, जो दर्शकों की सोच को चुनौती देने के साथ-साथ उनकी अभिनय क्षमता और बहुआयामी प्रतिभा को सामने लाएंगी। 2025 में मानुषी की पहली फिल्म मालिक की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, सूत्रों ने पुष्टि की है कि उनकी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति प्रशंसकों द्वारा पहले देखी गई किसी भी किरदार से नाटकीय रूप से अलग होगी,



# दीपिका पादुकोण ने स्पिरिट के लिए मांगी 20 करोड़ फीस

## प्रभास संग मचाएंगी धमाल

बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण बीते साल 2024 में प्रभास के साथ तेलुगू में बनी पैन इंडिया रिलीज कल्कि 2898एडी में नजर आई थीं। फिर वह रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में डीसीपी शक्ति शेट्टी बनकर धुआंधार एक्शन करती नजर आईं। अब आगे वह शाहरुख खान के साथ जहां किंग में नजर आएंगी, वहीं खबर है कि उन्हें प्रभास के साथ एक बार फिर से स्पिरिट में कास्ट किया गया है। और तो और, एनिमल फेम संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के लिए दीपिका ने इतनी तगड़ी फीस ली है कि वह सुर्खियों में आ गई हैं!

दीपिका पादुकोण बीते साल 8 सितंबर 2024 को मां बनी हैं। वह इन दिनों बेटी दुआ की परवरिश में वक्त दे रही हैं। इस बीच रिपोर्ट में बताया गया है कि संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें प्रभास के अपोजिट स्पिरिट में कास्ट किया है। यह पर्दे पर मां बनने के बाद उनकी कमबैक फिल्म होगी। रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से कहा गया है कि दीपिका को इस फिल्म के लिए उनके करियर की सबसे अधिक फीस मिल रही है।

### दीपिका ने स्पिरिट के लिए ली है 20 करोड़ फीस!

हालांकि, सटीक आंकड़े की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इनसाइडर रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि दीपिका पादुकोण को स्पिरिट के लिए करीब 20 करोड़ रुपये फीस मिल रही है। यदि यह सच है, तो दीपिका भारतीय सिनेमा में सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस बन जाएंगी।

### देश की सबसे महंगी एक्ट्रेस में रश्मिका, प्रियंका, आलिया का भी नाम

देश में सबसे मोटी फीस लेने वाली एक्ट्रेसस में इस वक्त रश्मिका मंदाना से प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस का नाम शुमार है। फिल्हाल, टॉप एक्ट्रेसेस की फीस 10-15 करोड़



के बीच है। लेकिन दीपिका की 20 करोड़ की फीस इस मायने में एक नया बेंचमार्क है। हालांकि, इस फीस की चर्चा ऐसे समय में भी हो रही है, जब कई दिग्गज फिल्ममेकर्स एक्टर्स की बढ़ती फीस को लेकर चिंता जता चुके हैं।

### दीपिका ने दी हैं हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में

वैसे, दीपिका पादुकोण की फीस का बढ़ना कोई आश्चर्य नहीं है। ऐसा इसलिए कि उनकी झोली में पद्मावत, बाजीराव मस्तानी पीकू, ये जवानी है दीवानी और जवान जैसी हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि दीपिका इस वक्त इंडस्ट्री की सबसे काबिल और सबसे भरोसेमंद स्टार हैं।

जून-जुलाई में शुरू हो जाएगी स्पिरिट की शूटिंग जहां तक स्पिरिट की बात है, तो प्रभास और दीपिका के साथ संदीप रेड्डी वांगा इसे ग्रैंड लेवर पर बना रहे हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म बताई जा रही है, जिसे पैन इंडिया रिलीज किया जाएगा। स्पिरिट की शूटिंग 2025 में जून-जुलाई के आसपास शुरू हो सकती है। प्रभास-दीपिका की पिछली फिल्म कल्कि - 2898एडी ने बॉक्स ऑफिस पर देश में 646.31 करोड़ का नेट कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 1042.25 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था।



# पंचायत 4 के सभी पहलू लोगों को हंसाएंगे और रुलाएंगे भी...

फैसल मलिक इन दिनों अपनी अगली वेब सीरीज पंचायत 4 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस सीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। पंचायत में किरदार ऐसे लिखे गए हैं जिनसे लोग खुद को जोड़ लेते हैं। वो सीधा-सादा इंसान किसी को भी अपने पापा या चाचा जैसा लग सकता है। यही कॉमेडी और इमोशन का मेल है जो पंचायत को खास बनाता है।

पंचायत देखकर गांव वाले सराहते हैं या नाराज होते हैं? गांव वाले बहुत प्यारे लोग हैं। शूटिंग के दौरान खाना खिलाते हैं, मदद करते हैं। अब तो पहचान भी गए हैं कि हम ढाई महीने वहीं रहेंगे। इसलिए एक अपनापन लगता है उनके बीच।

### पंचायत 4 में क्या नया है?

इस बार तो धमाल है! जब पहला सीजन बना था तब नहीं सोचा था इतना चलेगा, 2 बना तो उससे ज्यादा चला, 3 ने दोनों को पीछे छोड़ा। 4 में तो सबकुछ है। कहानी, डायरेक्शन और इमोशन, सभी का लेवल अप है। अब इस सीरीज को लोग खुद वायरल कर देते हैं, हमें खुद नहीं पता चलता कि सीरीज का कौनसा सीन कितना बड़ा हिट हो गया। इस बार के सीजन में सभी पहलू दर्शकों को हसाएंगे और रुलाएंगे भी। ये सीजन भी सभी के साथ कनेक्ट करेगा।

### सीरीज अब 6 फिल्मों जैसी लगती है, ऐसा क्यों है?

हां, क्योंकि अब हर एपिसोड की शुरुआत, मिड और एंड होता है। जैसे पाताललोक हो या पंचायत, आप इनकी लेखनी देखिए। कमाल की राइटिंग है। आप अच्छा कंटेंट दिखाएंगे तो लोग भी आपकी सीरीज का इंतजार करेंगे। फर्क राइटिंग और सोच का होता है। इसलिए पंचायत या टीवीएफ की किसी सीरीज की इतना प्रेम मिलता है।

## आरसीबी के खिलाफ मिली हार के बाद पंत ने कहा-

# हम 40 ओवर अच्छी क्रिकेट नहीं खेल पाए

एजेंसी

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के आखिरी लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 61 गेंदों पर नाबाद 118 रन की विस्फोटक पारी खेलने वाले ऋषभ पंत ने कहा कि इस बार वह शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने पर फोकस कर रहे थे, जो वह पिछले मैचों में नहीं कर पाए थे। हालांकि, उनकी इस शानदार पारी के बावजूद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 227 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। पंत ने इस हार पर कहा, 'हम 40



ओवर अच्छी क्रिकेट नहीं खेल पाए।' मैच के बाद प्रेजेंटेशन में पंत ने कहा, 'हर मैच के साथ मैं अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन कई बार चीजें आपके मुताबिक नहीं होतीं। आज मैंने ठान लिया था कि अगर शुरूआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलना है, जैसे अनुभवी खिलाड़ी करते हैं। सबसे अच्छे खिलाड़ियों से यही सीखा है कि जब मौका मिले तो उसे भुनाओ।' पंत का यह सीजन बल्ले से बेहद फीका रहा था। इस मुकाबले से पहले वह 12 पारियों में सिर्फ 151 रन ही बना पाए थे। उन्होंने बताया कि इस मैच में उन्होंने सीधा खेलने और गैप्स तलाशने की रणनीति अपनाई, जो पहले काम नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने सोचा कि गेंदबाज किस एंगल से गेंदबाजी करेंगे और उसी के मुताबिक खुद को ढालने की कोशिश की। सीधा खेलना, गैप्स देखना, सब कुछ सिंपल रखा और हर गेंद को एक जैसी गंभीरता से खेला।'

### गेंदबाजी में अनुभव की कमी ने लखनऊ को किया परेशान

एलएसजी की गेंदबाजी इस मैच में खास असर नहीं छोड़ पाई। विल ओ'रूर्क और शाहबाज अहमद ने मिलकर सिर्फ 7 ओवरों में 113 रन लुटा दिए। वहीं फील्डिंग में चूक और दिग्वेश राठी की बैकफुट नो-बॉल, जिस पर प्लेयर ऑफ द मैच जितेश शर्मा को जीवनदान मिला, टीम की हार का कारण बनी। पंत ने कहा, 'टी20 में सिर्फ 20 ओवर अच्छा खेलना काफी नहीं है। 40 ओवर पूरे मैच में अच्छा खेलना होता है और यही हमारी कहानी रही है। टूर्नामेंट से पहले कई खिलाड़ियों की चोटें थीं, जिसका असर पूरे सीजन में दिखा।'

### कुछ गेंदबाजों का प्रदर्शन रहा सराहनीय

एलएसजी ने इस सीजन 14 में से 6 मुकाबले जीतकर अंक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। हालांकि, पंत ने कुछ सकारात्मक पहलुओं की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, 'कुछ खास गेंदबाजी प्रदर्शन भी हुए हैं। दिग्वेश राठी का प्रदर्शन सराहनीय रहा, आवेश खान ने भी अहम ओवर फेंके। आकाश सिंह और आकाश दीप ने भी अच्छा किया। हमें मौके मिलते रहे, लेकिन हम उन्हें लंबे समय तक बरकरार नहीं रख पाए और यही हार की वजह बनी।'

# नॉर्वे शतरंज 2025: राउंड 2 के बाद नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी संयुक्त रूप से शीर्ष पर

एजेंसी

**स्टावेंगर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के दूसरे राउंड में रोमांच अपने चरम पर रहा, जहां अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और भारत के अर्जुन एरिगैसी ने शानदार जीत के दम पर संयुक्त रूप से टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 हिकारू नाकामुरा के बीच बहुप्रतीक्षित भिड़ंत एक शांत क्लासिकल ड्रॉ के साथ समाप्त हुई। दोनों खिलाड़ियों की सटीक चालों ने गेम को संतुलन में रखा। लेकिन असली रोमांच अमार्गेडन में देखने को मिला। शुरूआती बढ़त कार्लसन के पास थी और वे जीत की ओर अग्रसर दिखे। मगर एंडगेम में एक चूक ने बाजी पलट दी और नाकामुरा ने एक चमत्कारी चाल के साथ मुकाबला जीतकर महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक हासिल किए। पहले राउंड में हार झेलने वाले फबियानो कारुआना ने जोरदार वापसी करते हुए चीन के यी वेई को काले मोहरों से मात दी। यह मुकाबला बेहद जटिल और संतुलनपूर्ण रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में कारुआना की सटीकता ने उन्हें बाजीगर साबित किया। दिन का सबसे चर्चित मुकाबला दो भारतीय दिग्गजों -अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैंपियन गुकेश डोमरराजू के बीच रहा। एरिगैसी ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए, लेकिन गुकेश की सधी हुई डिफेंस ने मुकाबले को संतुलित बनाए रखा। जैसे-जैसे समय घटा, स्थिति जटिल होती गई और अंततः अर्जुन ने निर्णायक बढ़त लेते हुए जीत दर्ज की।

**महिला वर्ग में अन्ना मुजिचुक की मजबूत पकड़**

महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ने भारत की हम्पी कोनेरू को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। ओपनिंग से ही मुजिचुक ने स्थिति पर नियंत्रण बना लिया था और अंततः एंडगेम में हम्पी की एक बड़ी गलती ने उन्हें जीत दिला दी।

# मुंबई पानी-पानी, आज भी तेज बारिश के आसार

एजेंसी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आज भी महानगर और उपनगरों में मध्यम से भारी बारिश होने के आसार हैं। इसके अलावा कुछ क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश, आसमानी बिजली गिरने और तेज हवा चलने की संभावना है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि दिनभर सामान्य रूप से बादल छाए रहेंगे। महाराष्ट्र की राजधानी मंगलवार को पानी-पानी रही। उपनगर खार के कई इलाकों में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।




भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कल कहा था कि देश में इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश दीर्घावधि औसत का 106 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह अनुमान अप्रैल के 105 फीसदी के अनुमान से अधिक है। वैसे देश में दीर्घावधि औसत वर्षा 868.6 मिलीमीटर है। आईएमडी ने कहा कि मानसून सीजन (जून से सितंबर) के दौरान पूरे देश में सामान्य से ज्यादा के अलावा उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

## अवैध संबंध के चलते आमडांगा में फायरिंग, प्रेमिका का पति घायल

एजेंसी

**कोलकाता ।** उत्तर 24 परगना के आमडांगा इलाके में मंगलवार की रात उस समय तनाव फैल गया जब अवैध संबंध को लेकर एक व्यक्ति पर फायरिंग कर दी गई। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत उपप्रधान के बेटे ने अपनी प्रेमिका के पति पर गोली चलाई। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपित अब भी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना आमडांगा थाने के अंतर्गत ताराबेड़िया पंचायत के राउतारा इलाके की है। पीड़ित मशीआर रहमान मंडल को गोली दाहिने कान के नीचे लगी है और उन्हें बारासात सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है।

स्थानीय लोगों और पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपित आरिफुल का मशीआर की पत्नी के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध था। इसे लेकर दोनों परिवारों में विवाद चलता रहा। मंगलवार देर रात राउतारा के एक सूनसान इलाके में आरिफुल ने मशीआर पर अचानक गोली चला दी।

आरोपित आरिफुल ताराबाड़िया पंचायत के तृणमूल उपप्रधान का बेटा बताया जा रहा है। घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि घायल की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

इस वारदात के बाद आमडांगा का राउतारा इलाका भारी तनाव की चपेट में आ गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपित की तलाश जारी है। घटना ने इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नेपाल और चीन की सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास की तैयारी



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल और चीन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास की तैयारी की जा रही है। इसके लिए चीन की जनमुक्ति सेना का एक प्रतिनिधिमंडल नेपाल आया है। इस वर्ष यह संयुक्त सैन्य अभ्यास नेपाल में ही होना है। चीन की जनमुक्ति सेना के झिंजियांग मिलिट्री कमांड का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बुधवार से नेपाली सेना के साथ इस वर्ष होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास की तैयारी के लिए आयोजित सम्मेलन में सहभागी हो रहा है। नेपाल और चीन के बीच सागरमाथा फ्रेंडशीप 2025 नाम से संयुक्त सैन्य अभ्यास होना है। यह दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का पांचवा संस्करण है। 2017 से शुरू हुआ यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 2019 तक लगातार चला लेकिन कोरोना महामारी की वजह से 2020 से 2023 तक नहीं हो पाया। पिछले वर्ष यह चीन में हुआ था। इस वर्ष यह नेपाल में होना तय हुआ है। इसकी तैयारी को लेकर नेपाली सेना के मुख्यालय में बुधवार से दो दिनों के लिए इनीशियल प्लानिंग कॉन्फ्रेंस हो रही है। इसमें सैन्य अभ्यास के स्थान और तिथि के बारे में निर्णय लिया जाएगा। नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल गौरव के सी ने बताया कि संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान एंटी टेररिस्ट अभियान का अभ्यास मुख्य रूप से किया जाएगा। इसके अलावा विपद व्यवस्थापन का अभ्यास भी किया जाना तय हुआ है।

# बांग्लादेश में जमात नेता एटीएम अजहरुल इस्लाम 14 साल बाद जेल से रिहा

### शीर्ष अदालत ने 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोपों से मुक्त किया

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी के नेता एटीएम अजहरुल इस्लाम ने आज 14 साल बाद खुली हवा में सांस ली। जेल से रिहा होने पर वह काफी खुश नजर आए। उन्हें 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के केस में गिरफ्तार किया गया था। इस्लाम ने रिहाई के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी।दि डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, जमात-ए-इस्लामी के नेता एटीएम अजहरुल इस्लाम को आज जेल से रिहा कर दिया गया। एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोपों से मुक्त कर दिया था। केरानीगंज स्थित ढाका सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने उनकी रिहाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें सुबह करीब 9:15 बजे बांग्लादेश मेडिकल यूनिवर्सिटी से रिहा कर दिया ।



रिहाई के तुरंत बाद जमात नेता इस्लाम संगठन के अन्य नेताओं के साथ शाहबाग चौराहे पर एक रैली में शामिल हुए।उन्होंने कहा, '14 साल जेल में बिताने के बाद आज मुझे रिहा कर दिया गया है। मैं अब आजाद हूं। मैं एक आजाद देश का आजाद नागरिक हूं।' उन्होंने सुप्रीम कोर्ट, अपने वकीलों, जुलाई विद्रोह में भाग लेने वालों, खास तौर पर छात्रों, सेना के सदस्यों और देश की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस्लाम ने आरोप लगाया कि जमात के शीर्ष नेताओं और अन्य लोगों की न्यायिक हिरासत के दौरान मौत की जांच करवा कर इसके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। सनद रहे, कल सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग ने अपने पिछले फैसले को रद्द कर दिया। इस फैसले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के सजा और मौत की सजा को बरकरार रखा गया था। शीर्ष अदालत ने जेल अधिकारियों को निर्देश दिया था कि जब तक अजहरुल को किसी अन्य मामले में गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक उसे तुरंत रिहा किया जाए। 30 दिसंबर, 2014 को तत्कालीन अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने इस्लाम को मानवता के खिलाफ अपराध के तीन मामलों में मौत की सजा और दो अन्य मामलों में कारावास की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई, 2025 के अपने नए फैसले में साक्ष्यों का उचित मूल्यांकन करने में अपनी पिछली चूक को स्वीकार किया।

# पाकिस्तान में तूफान से छह लोगों की मौत, कहीं घर गिरे, कहीं आसमानी बिजली से आफत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 24 घंटे पहले आए शक्तिशाली तूफान से हुई तबाही का मंजर रफ्ता-रफ्ता सामने आने लगा है। इस तूफान से दो प्रांतों खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब में जान-माल की भारी क्षति हुई है। इस दौरान राजधानी इस्लामाबाद में लोगों को तेज हवा का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान के दुनिया न्यूज टीवी चैनल की खबर के अनुसार, मुल्क के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब के कई इलाकों में मंगलवार को शक्तिशाली तूफान आया। इससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्वाबी के मनकी गांव में



तेज हवा के कारण चारदीवारी और छत गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और भाई घायल हो गए। जियारत चाम बाबा में एक शेड की छत गिर जाने से एक महिला और उसका बेटा मलबे में फंस जाने से घायल हो गए।इसके अलावा शांगला के बिशाम में एक घर पर आसमानी बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य बेहोश हो गए। नौशेरा के रहीमाबाद इलाके में दीवार गिरने से एक युवक घायल हो गया। पेशावर में इस दौरान हुई बारिश से बचने के लिए भाग सात लोग गिरकर घायल हो गए। इस दौरान हयातबाद स्टेडियम के पास एक बिलबोर्ड से कार टकरा गई।

पेशावर के मट्टानी और गढ़ी कमरदीन में भी काफी नुकसान हुआ है। यहां लोगों के घरों की दीवारें और छतें गिर गईं। फांडू रोड पर एक सोलर पैनल गिरने से एक राहगीर घायल हो गया। पंजाब में एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। मियांवाली में आसमानी बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और मकरवाल पुलिस स्टेशन पर दीवार गिरने से एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। रावलपिंडी, अटक, गुजरांवाला में भी कई इमारतें ढह गईं। इस्लामाबाद में भी तूफान का असर दिखा। कई पेड़ और पथ संकेतक उखड़ गए। लोगों को पुलों और फ्लाईओवर के नीचे शरण लेनी पड़ी।

## बीटीआर चुनाव : सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा

एजेंसी

**गुवाहाटी।** बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) की सभी 40 परिषद सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव लड़ेगी। पार्टी किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी, खासकर उदालगुड़ी जिले की 10 परिषद सीटों को लेकर भाजपा का रुख पूरी तरह सख्त है। यह घोषणा उदालगुड़ी के विष्णु राभा कृति संघ में आयोजित भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन और एक बड़ी जनसभा के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने की। उन्होंने दो हजार से अधिक कार्यकताओं की मौजूदगी में आगामी बीटीआर चुनाव के लिए बिगुल फूंका। सैकिया ने साफ किया कि भाजपा सभी 40 परिषद क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी और सभी कार्यकताओं से दिन-रात मेहनत करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में असम सरकार के कैबिनेट मंत्री और उदालगुड़ी जिला प्रभारी मंत्री पीयूष हजारिका, विधायक दिगंत कलिता, भाजपा के प्रदेश महासचिव पल्लव लोचन दास, बीटीआर के कार्यकारी सदस्य दिगंत बरुवा, जिला और मंडल अध्यक्षों सहित कई नेता मौजूद रहे। इस दौरान यूपीपीएल (यूपीपीएल) के कई नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इनमें सीडब्ल्यूसी सदस्य नंद बोडो और विधायक गोविंद चंद्र बसुमतारी के रिश्तेदार मार्टिन बसुमतारी सहित 1500 से अधिक जमीनी स्तर के नेता शामिल थे। मंत्री पीयूष हजारिका ने सभी नए सदस्यों से भाजपा को और मजबूत बनाने के लिए ईमानदारी से काम करने का आग्रह किया।

### शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव

# सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की सपाट स्तर पर मिली-जुली शुरूआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। इस बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत और निफ्टी 0.20 प्रतिशत की



कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जियो फाइनेंशियल, इंफोसिस, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 1.10 प्रतिशत से लेकर 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और टाइटन कंपनी के शेयर 3.52 प्रतिशत से लेकर 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,364 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,416 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 948 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 20 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।बीएसई का सेंसेक्स आज 94.02 अंक की कमजोरी के साथ 81,457.61 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 81,613.36 अंक तक पहुंच गया। हालांकि पहले 5 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 179.98 अंक की गिरावट के साथ 81,371.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 6.30 अंक की मामूली मजबूती के साथ 24,832.50 के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,864.25 अंक के स्तर तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक लाल निशान में लुढ़कने लगा। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से ये सूचकांक 24,743.05 अंक के स्तर तक गिर गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 49.15 अंक की कमजोरी के साथ 24,777.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 624.82 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,551.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,826.20 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बहादुरगढ़ में 19 साल के युवक की तेजधार हथियार से हत्या

**झज्जर।** बहादुरगढ़ में 19 साल के एक युवक की तेजधार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह पार्क में घूमने आए लोगों ने युवक का शव देखा। मृतक युवक मंगलवार की शाम से ही घर से लापता था। बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन के निकट बसी कॉलोनी दयानंद नगर निवासी 19 वर्षीय यंशु की मंगलवार-बुधवार की रात हत्या कर दी गई। यंशु का शव शहर में बालौर रोड स्थित भगत सिंह पार्क में पड़ा मिला। पार्क में युवक का शव पड़ा होने की खबर कुछ ही देर में फैल गई। काफी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। सूचना मिलते ही सेक्टर-9 चौकी से पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। यंशु की गर्दन और शरीर पर कई जगह तेजधार हथियार के घाव मिले। उसकी गर्दन की नस कटी हुई थी। जिसमें से बहुत अधिक मात्रा में खून बह गया था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह घर से दूध लेने के लिए निकला था। रात नौ बजे तक वह नहीं लौटा तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। पूरी रात तलाश की गई। यहां तक कि बुधवार सुबह करीब तीन बजे भी पुलिस और परिजन यंशु को भगत सिंह पार्क में भी ढूंढ कर गए थे। तब यहां कोई नहीं मिला था। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। यंशु ने बहुतकनीकी संस्थान से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया था और फिलहाल अपने पिता की दुकानदारी में हाथ बंटाता था। उसने करीब चार महीने पहले विवाह किया था।यंशु की हत्या किसने और क्यों की यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जिस पार्क में उसका शव मिला है वहां नशेड़ी भी अड्डा जमाए बैठे रहते हैं। इसलिए पुलिस वारदात को नशेड़ियों से जोड़कर भी जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश भी की जा रही है कि यंशु या उसके परिवार की किसी के साथ रंजिश तो नहीं रही।

### सरार्फा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 600 रुपये से लेकर 650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,480 रुपये से लेकर 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,350 रुपये से लेकर 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने का कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज भी एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### न्यूजीलैंड के उपप्रधानमंत्री का दो दिवसीय नेपाल दौरा आज से

**काठमांडू।** न्यूजीलैंड के उपप्रधानमंत्री और विदेशमंत्री विस्टर्न पीटर्स का दो



दिवसीय नेपाल दौरा आज से शुरू हो रहा है। वह काठमांडू पहुंचने वाले हैं। न्यूजीलैंड के तरफ से उपप्रधानमंत्री के स्तर पर यह पहला सरकारी दौरा है। वह नेपाल की विदेशमंत्री डॉ. आरजू राणा के निमंत्रण पर आ रहे हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। विदेश सचिव अमृत राई ने बताया कि न्यूजीलैंड के उपप्रधानमंत्री की राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से शिष्टाचार मुलाकात तय है। इसके अलावा विदेशमंत्री आरजू राणा देउवा के साथ शाम को द्विपक्षीय वार्ता होने वाली है। न्यूजीलैंड के उपप्रधानमंत्री आज हेलीकॉप्टर के जरिए माउंट एवरेस्ट का दौरा करने वाले हैं। गुरुवार को ही उनके वापस जाने का कार्यक्रम है।

### बलिया पुलिस का रात भर चला ऑपरेशन 'लंगड़ा', दो मुठभेड़ों में दो बदमाश घायल

**बलिया।** बलिया पुलिस ने मंगलवार की माध्यरात्रि के बाद दो अलग-अलग मुठभेड़ों में हत्या का प्रयास करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाशों के कई साथी भागने में सफल हो गए। पहली मुठभेड़ शहर कोतवाली के जगन्नाथ तिराहा पर रात करीब एक बजे चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर हुई। मोटरसाइकिल चालक बिना रुके तेजी से मोटर साइकिल लेकर ददरी मेला क्षेत्र की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो जानलेवा फायर कर दिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है। जबकि दो बदमाश मौके से अँधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पूछताछ में पता चला कि घायल बदमाश हल्दी थाना के परसिया निवासी रोहित पाण्डेय 19 मई को बेदुआ निवासी शिवजी गुप्ता पर अवैध असलहे से फायर करने का आरोपित है। एएसपी कृपाशंकर ने बुधवार को सुबह इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुठभेड में रोहित के दाहिने पैर में गोली लगी है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इसके दो साथी आशुतोष यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी राजपूत नेवरी भृगु आश्रम व आशु यादव पुत्र अज्ञात निवासी जमुआ थाना कोतवाली मौके से भाग निकले। रोहित चन्द्र पाण्डेय के कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस व एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई।

### किन्नर की गला दबाकर हत्या, पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के करेरा थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली एक वारदात सामने आई है। यहां वार्ड क्रमांक 6 स्थित किन्नर मोहल्ला में 55 वर्षीय किन्नर आशा की गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज हत्या को अंजाम देने वाला भी किन्नर समुदाय से ही बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित आशा की हत्या कर किन्नर समाज का मुखिया बनना चाहता था और उसकी निजी गाड़ी पर भी कब्जा करना चाहता था। घटना की जानकारी मिलते ही करेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, हत्या की यह पूरी घटना मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।हालांकि पुलिस ने अभी इस फुटेज को सार्वजनिक नहीं किया है। करेरा थाना प्रभारी विनोद सिंह छावई ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं, मोहल्ले में इस हत्या के बाद दहशत का माहौल है और लोग सहमे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, मृतक आशा किन्नर इलाके में लंबे समय से रह रही थी और उसे स्थानीय किन्नर समाज में एक मजबूत स्थिति हासिल थी। ऐसे में मुखिया बनने की होड़ में यह हत्या की गई है, यहां यही आशंका जताई जा रही है।

न्यूज ब्रीफ



## मुखिया के सौजन्य से हंटरगंज थाना परिसर में लगा आरओ

**चतरा:** अगर दिल बड़ा तब ही आपके हाथ दूसरों की मदद के लिए आगे बढ़ते हैं। इसे चरितार्थ किया है हंटरगंज प्रखण्ड के बलूरी पंचायत मुखिया रूबी देवी ने। मुखिया रूबी देवी के सौजन्य से हंटरगंज थाना परिसर में आए फरियादियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को इलेक्ट्रिक आरओ लगाया गया।जिसका उद्घाटन बलूरी मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह और औरू मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार सहित थाना के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पानी को लेकर थी समस्या : उद्घाटन के दौरान मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ने बताया कि थाना परिसर में आए फरियादियों की सुविधा को ध्यान में रखकर ये व्यवस्था की गई है। स्वच्छता और उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुद्ध पेयजल मिले इसे लेकर आरओ लगाया गया है। वही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि आरओ ना होने की वजह से पीने के पानी को लेकर समस्या थी। हालांकि थाना के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी।बताते चले कि यहां रोजाना फरियादियों का आना-जाना लगा रहता है। इनके लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर थाना प्रभारी गंभीर दिखे और इस समस्या को जनप्रतिनिधियों से साझा किया जिसका फलस्वरूप आज देखने को मिली।

## जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट : 92.44 प्रतिशत के साथ राज्य में 12वें स्थान पर रहा चतरा

**चतरा:** जिले का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष काफी बेहतर रहा। पिछले वर्ष से की तुलना में इस वर्ष का परिणाम लगभग 3 प्रतिशत अधिक रहा। इस वर्ष चतरा जिला पूरे राज्य में 12 वें स्थान पर है और चतरा जिले का ओवरऑल रिजल्ट 92.44 प्रतिशत है। पिछले वर्ष चतरा जिले का मैट्रिक का परीक्षा परिणाम 89.84 प्रतिशत था। इस वर्ष चतरा जिले से मैट्रिक की परीक्षा में 8184 छात्र तथा 9570 छात्राएं कुल 17694 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें 4139 छात्र व 4842 छात्राएं कुल 8981 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। जबकि 3049 छात्र व 3720 छात्राएं कुल 6775 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। 294 छात्र व 307 छात्राएं कुल 601 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। इस तरह कुल 17694 परीक्षार्थियों में से 16357 परीक्षार्थी परीक्षा में सफलता पाई है। जबकि जिले के 637 छात्र व 694 छात्राएं कुल 1331 परीक्षार्थियों के रिजल्ट के मार्जिनल लगा है।

## झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता में पिपरवार के बच्चों ने लहराया परचम



**चतरा:** रांची के नामकुम स्थित आचार्यकुलम विद्यालय में संपन्न हुए 21वें झारखण्ड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता मे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोयलांचल सहित पूरे चतरा जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में चतरा जिला वुशु संघ की तरफ से पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कुल 10 वुशु खिलाड़ियों ने भाग लिया,जिसमे 6 स्वर्ण पदक 3 रजत पदक और एक कास्य पदक जीतकर झारखण्ड मे चतरा जिला को दूसरा स्थान दिलाया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियो मे शिवम उरांव, अंकित कुमार,अविनाश गंझु,भाषकर ठाकुर,आर्यन सिंह,शीतल कुमारी का नाम शामिल है।वही विक्रम गंझु, जेठु गंझु,और कुसुम कुमारी ने रजत पदक और पिन्टु महतो ने कास्य पदक प्राप्त किया है।प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के शानदार सफलता के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथी सुनिल सुर्यांत ने चतरा जिला वुशु संघ के सचिव रजी. अहमद को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।साथ ही जयपुर राजस्थान मे आयोजित होने वाले 35वां सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भी पदक जीतकर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालों में प्रो. मुकुन्द महतो,डॉ. कविता सिंह,उदय साहु,मिथलेश साहु,शैलेन्द्र कुमार,शैलेन्द्र दुबे,झारखण्ड ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र दुबे सहित अन्य लोगों के नाम शामिल है।चतरा जिला वुशु संघ के सचिव रजी. अहमद ने कहा कि बच्चों के कठिन परिश्रम और मेहनत के कारण ही बच्चों को यह सफलता मिली है।उन्होंने सफल बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र और जिला का नाम रोशन करने की अपील की है।

## ठेठांगी में गैरमजरुआ खास भूमि पर अवैध बंदोबस्ती के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध



**पिपरवार (चतरा):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र बहेरा पंचायत के मौजा ठेठांगी की गैरमजरुआ खास भूमि पर अवैध बंदोबस्ती को लेकर गांव में उबाल है।टंडवा अंचल अंतर्गत ग्राम ठेठांगी के ग्रामीणों ने खाता संख्या 01, प्लॉट संख्या 36, 60 एवं 61, कुल 16एकड़ जमीन पर देवकी कहार, पिता शंकर कहार के वंशजों द्वारा की गई फर्जी बंदोबस्ती और जमाबंदी को रद्द करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध मे ग्रामीणों ने बताया कि 10 सितंबर 2022 और पुनः 10 मई 2025 को ग्रामसभा मुखिया रेखा कुमारी की अध्यक्षता में हुई,जिसमें सर्वसम्मति से फर्जी बंदोबस्ती रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सभी संबंधित दस्तावेज अंचल कार्यालय टंडवा, अनुमंडल कार्यालय सिमरिया एवं उपायुक्त कार्यालय चतरा को सौंपा जा चुका हैं।इस मामले को ग्रामीणों ने 11 मार्च 2025 एवं 2 मई 2025 को जनता दरबार में उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर अवगत कराए जाने की बात कही गई। उपायुक्त द्वारा ठेठांगी के भु स्वामियों को तीन दिन में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इधर ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर फर्जी बंदोबस्ती को रद्द नहीं किया गया तो 16वें दिन से उपायुक्त कार्यालय चतरा के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन एवं धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

# सभी पदाधिकारी पारदर्शिता के साथ करें काम, जनता की सेवा ही हमारा धर्मः उपायुक्त



संवाददाता

**सिमडेगा:** जिले की नवपदस्थापित उपायुक्त कंचन सिंह ने पदभार ग्रहण के पश्चात समाहरणालय सभागार में जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और प्रशासनिक कार्यों में उनके सहयोग की अपेक्षा जताई।

उपायुक्त ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि जिले में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि टीम भावना और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनता के प्रति पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए जिससे जिले की छवि खराब हो।

उन्होंने कहा कि आपकी सफलता मेरी सफलता होगी, आपकी असफलता मेरी असफलता होगी। यदि कोई अधिकारी गलत कार्य करेगा, तो मैं उसे अपनी जिम्मेदारी मानूंगी। उपायुक्त ने सभी को ईमानदारी और सेवा भावना से संवेदनशील होकर कार्य करने की सलाह दी और कहा कि जनता के विश्वास को बनाए रखना ही प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि एक प्रभावी प्रशासन के लिए तीन मुख्य आधार आवश्यक हैं। दृढ़ता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता। यही उनके प्रशासनिक कार्यशैली के मूल स्तंभ होंगे। उन्होंने कहा कि हमेरे सभी अधिकारी गरिमा के साथ कार्य करें, शासन हमें वेतन देकर समाज की सेवा करने का अवसर दे रही है, इसलिए यह हमारा दायित्व है कि हम सेवा भाव से अपने कार्यों को अंजाम दें।

उन्होंने आगे कहा कि जिले की जनता शांतिप्रिय और सजग है, लेकिन कई बार उन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं होती। यह हमारा कर्तव्य है कि हम सरकार की योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचाएं और एक समावेशी समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग की अपील की और कहा कि प्रशासनिक कार्यों में जनहित को सर्वोपरि रखें।

## जनता के लिए 24*7 खुले रहेंगे डीसी के द्वार, जनता कभी भी बेझिझक मिल सकती है: डीसी




**सिमडेगा:** जिले की नवपदस्थापित उपायुक्त कंचन सिंह ने जिले के 25वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने उन्हें पदभार सौंपा।

पदभार ग्रहण के उपरांत समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर उन्होंने कर्मियों को समय पर उपस्थिति और स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मीडिया से बातचीत में उपायुक्त ने कहा कि वे जिले के समग्र विकास हेतु निष्ठा से कार्य करेंगी।

उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण,आदिवासी कल्याण और ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर नियंत्रण को प्राथमिक लक्ष्य बताया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के माध्यम से सिमडेगा को राज्य और देश स्तर पर एक मॉडल जिला बनाया जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनता कभी भी उनसे मिल सकती है, उनके द्वार 24*7 खुले रहेंगे। उन्होंने जिले के विकास में जनता के सहयोग की अपेक्षा जताई।

### 10वें ऐवरटीन मेंस्ट्रुअल हाइजीन सर्वे में खुलासा

## मासिक धर्म को लेकर सोशल मीडिया पर दी जा रही है गलत जानकारी

**नई दिल्ली:** 10वें ऐवरटीन मेंस्ट्रुअल हाइजीन सर्वे में बोलते हुए भारतीय महिलाओं ने सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं के कई उदाहरण साझा किए। ऐवरटीन के सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में 71.6 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि सोशल मीडिया पीरियड्स के बारे में पर्याप्त और सटीक जानकारी प्रदान करता है, लेकिन फिर भी उनमें से केवल 11.5 प्रतिशत महिलाएं ही ऐसी हैं जो पीरियड्स के दौरान किसी आपात स्थिति में सोशल मीडिया पर बतौर प्राथमिक स्त्रोत भरोसा करती हैं। देशभर से आयीं 1,152 महिलाओं ने इस साल के ऐवरटीन सर्वेक्षण में भ्भाग लिया। पैन हेल्थकेयर के सीईओ श्री चिराग पैन कहते हैं, यह तथ्य कि भारत में दो तिहाई से ज्यादा महिलाएं सूचना के स्त्रोत के रूप में सोशल मीडिया पर निरभर हैं, यह दशार्ता है कि प्रभावशाली लोग और ब्लॉगर मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने में शानदार काम कर रहे हैं। यह जरूरी है कि सोशल मीडिया समुदाय सटीक, तथ्य-आधारित और सत्यापित जानकारी के जरिए दर्शकों का भरोसा बनाए। सोशल मीडिया के जरिए फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के उदाहरण को कई महिलाओं ने साक्षा किया।

ऐवरटीन निमार्ता और पैन हेल्थकेयर उपक्रम वेट एंड ड्राई पर्सनल केयर के सीईओ श्री हरिओम त्यागी कहते हैं, हमारे ऐवरटीन सर्वे से यह स्पष्ट है कि कई महिलाएं मासिक धर्म के दर्द के लिए सुरक्षित और प्रभावी समाधान खोज रही हैं, लेकिन जागरूकता की कमी है।

महिलाओं ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी कई तरह के अंधविश्वासों को बढ़ावा दिया जाता है।

इस वर्ष ऐवरटीन सर्वेक्षण के निष्कर्षों से एक और दिलचस्प पहलू यह सामने आया है कि जहां सैनिटरी पैड सबसे लोकप्रिय मेंस्ट्रुअल हाइजीन उत्पाद बने हुए हैं, वहीं डिस्पोजेबल पीरियड पैंटी भारत में तेजी से बढ़ते नए मेंस्ट्रुअल हाइजीन मैथड (एमएचएम) के रूप में उभरी है, जिसका उपयोग मेंस्ट्रुअल कप और टैम्पोन से ज्यादा किया जा रहा है!

ऐवरटीन हर साल मेंस्ट्रुअल हाइजीन सर्वेक्षण करता है जिससे ऐसी जानकारियां प्राप्त की जा सकें जो महिलाएं के मासिक धर्म को आरामदायक बनाने में सहायक हो। ऐवरटीन ने कई अभियानों के माध्यम से मेंस्ट्रुअल हाइजीन पर जागरूकता को बढ़ावा दिया है।

वेट एंड ड्राइ पर्सनल केयर : 2013 में स्थापित, वेट एंड ड्राई पर्सनल केयर प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यू&डी) एक पैन हेल्थ इनिशिएटिव है, जो हेल्थ, हाइजीन व पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स प्रदान करता है।

# लूटपाट की योजना बना रहे दो अपराधी गिरफ्तार

### एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद

**गुमला :**गुमला सदर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि गुमला पुलिस अधीक्षक को एक गुप्त सूचना मिली कि भरनो थाना स्थित मारासिली नदी के समक्ष एक हॉस्पिटल के सामने एक अर्ध निर्मित कमरे में दो व्यक्ति बैठ कर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है । उक्त सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक महोदय ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और उक्त गुप्त सूचना की सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया । उनके निदेर्शों का पालन करते हुए , उक्त छापामारी दल जैसे ही उक्त घटनास्थल पर पहुंचा, पुलिस दल को देखते ही उक्त दोनों अपराधी भागने लगे। जिन्हें सशस्त्र बल के जवानों ने खदेड़कर पकड़ा । उक्त दोनों अपराधियों की तलाशी लेते हुए और पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया की उक्त दोनो व्यक्ति भरनो थाना स्थित लोंगा ग्राम निवासी हैं, 19 वर्षीय विकास लोहार के पास से एक देशी कट्टा (पिस्तौल) के मैगजीन में लोड , दो जिंदा कारतूस के साथ एक देशी कट्टा ( पिस्तौल ) बरामद किया गया, जबकि उसके दोस्त प्रकाश महली उर्फ टेंनचे के पास से दो ज़िन्दा कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने अपने - अपने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोग हथियार का भय दिखाकर राहगीर (ग्रामीणों) को लूटपाट करने की योजना बना रहे थे । इसी क्रम में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया हैं, बाद में उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में लेकर उक्त दोनों अपराधियों को गुमला जेल भेज दिया गया हैं।




# जाति जणगणना से पहले सरना धर्म कोड व आदिवासी धर्म कोड करना होगा लागूः विधायक

### सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो का विशाल धरना प्रदर्शन

**साहिबगंज:** सरना धर्म कोड आदिवासी धर्म कोड की माँग को लेकर साहिबगंज समाहरणालय के समीप में झामुमो ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने किया।वंही मंच संचालन केंद्रीय समिति सदस्य शाहजंहा अंसारी ने किया।वही बोरियो से विधायक धनंजय सोरेन व राजमहल से विधायक एमटी राजा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन आदिवासी समाज की धार्मिक पहचान सांस्कृतिक विरासत और अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।सरना धर्म कोड की माँग केवल एक कानूनी पहल नहीं है।बल्कि यह आदिवासी आत्मसम्मान और परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक है।केंद्र भाजपा सरकार जाति जणगणना से पहले सरना धर्म कोड आदिवासी धर्म कोड लागू करे।केंद्र की भाजपा सरकार झारखण्ड के साथ कर रही वादा खिलाफी कर रही है।धरना प्रदर्शन के पश्चात साहेबगंज के उपायुक्त हेमंत सती को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा गया,जिसमें केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड को अविलंब लागू करने की मांग की गई।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजीव शामू हेम्ब्रम,संजय मिश्रा,संजय गोस्वामी नजरुल इस्लाम,अमर नाथ यादव,राजाराम मरांडी मोजीबुर रहमान,जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू,बसंती हाँसदा,राजू अंसारी,अमरदीप सिंह आदित्य यादव,वारिस अंसारी,व सभी प्रखण्ड के अध्यक्ष सचिव व कमेटी व नगर कमेटी उपस्थित रहे।



## करनौती स्टेशन पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण जनहित में जरूरी : शंभू कुमार सिंह



**बख्तियारपुर (पटना):** प्रखंड अंतर्गत करनौती ग्राम निवासी वार्ड सदस्य (स्थानीय जनप्रतिनिधि) शंभू कुमार सिंह ने ग्रामवासियों की ओर से करनौती स्टेशन पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि जनहित में करनौती स्टेशन पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

श्री सिंह ने कहा कि करनौती ग्राम में बैंक, डाकघर, स्कूल आदि अवस्थित है। करनौती-बख्तियारपुर मार्ग पर ग्रामवासियों के अलावा बैंककर्मी, डाकघरकर्मी, शिक्षक व छात्र और अभिभावकों का आवागमन होता रहता है। करनौती व आसपास के गांवों की जनता के लिए निकटतम बाजार बख्तियारपुर है। ग्राम वासियों को बाजार व प्रखंड कार्यालय आना-जाना लगा रहता है। गांव में काफी संख्या में वरिष्ठ नागरिक रहते हैं। इनमें से अधिकतर पेंशनधारी हैं। उन्हें भी अपने पेंशन के कार्यों से आना-जाना पड़ता है।

विदित हो कि राजगीर रेल खंड पर अवस्थित करनौती स्टेशन मार्ग पर प्रतिदिन लगभग दर्जन भर यात्री व मालवाहक ट्रेन का आवागमन होता है। जिसके कारण रेलवे फाटक काफी समय तक बंद रहता है। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कई बार अकस्मात बीमार मरीज को अस्पताल ले जाने में भी रेलवे फाटक बंद रहने के कारण देर हो जाती है। श्री सिंह ने कहा कि ग्राम वासियों की ओर से पूर्व में भी करनौती स्टेशन पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की मांग से संबंधित हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद रविशंकर प्रसाद व दानापुर के डीआरएम को प्रेषित किया गया है। इस संदर्भ में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने इस दिशा में स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद व डीआरएम, दानापुर को यथोचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## जल्द सुलझ सकती है आरक्षी की मौत की गुत्थी

**साहिबगंज:** पुलिस लाइन स्थित महिला बैरक के समीप स्थित पुराने क्वार्टर बी 4 व बी 2 के बीच बांस से बने अस्थायी अहाते से आरक्षी सुरजीत के शव बरामदगी मामले की गुत्थी जल्द सुलझ सकती है।बताया जा रहा है कि पुलिस ने मामले को लगभग सुलझा लिया है।हालांकि इसको लेकर अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान सामने नहीं आया है।ज्ञात हो कि 25 मई की सुबह लगभग 8 बजे जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाईन स्थित महिला पुलिस बैरक के निकट पुराने क्वार्टर के अहाते से पुलिस आरक्षी सुरजीत कुमार यादव 35 का शव बरामद हुआ था। आरक्षी की शव बरामदगी उस दिन हुई थी जब एसपी अमित कुमार छुट्टी पर गए हुए थे।हालांकि गोड्डा एसपी ने साहिबगंज पहुंच शाम तक मोर्चा संभाले रखा था।एसआईटी गठन से लेकर पोस्टमार्टम व अनुसंधान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी।इधर दूसरे दिन एसपी अमित कुमार ने आते ही मामले की कमान अपने हाथों में लेकर पड़ताल की प्रक्रिया को गति दी।वहीं संथाल परगना डीआईजी अंबर लकड़ा ने भी साहिबगंज पहुंच मामले को गंभीरता से लिया।हालांकि पुलिस को अभी फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतेजार है।

## श्रीधर में सड़क निर्माण को लेकर सीओ ने किया स्थल निरीक्षण



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के श्रीधर पंचायत अंतर्गत कॉलोनी नंबर 9 में मंगलवार को प्रस्तावित सड़क निर्माण का बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने मौके पर पहुंचकर सड़क का भौतिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण श्रीधर दियारा पंचायत के मुखिया तमाल मंडल द्वारा उपायुक्त साहिबगंज को दिए गए एक आवेदन के आलोक में किया गया। मुखिया तमाल मंडल ने उपायुक्त को दिए अपने आवेदन में बताया था कि श्रीधर दियारा के कॉलोनी नंबर 09 में सानंदो मल्लिक के घर से भोलेनाथ सरकार के घर तक लगभग 200 मीटर की कच्ची सड़क है। यह सड़क बरसात के मौसम में कीचड़ और पानी से भर जाने के कारण पूरी तरह दुर्गम हो जाती है।जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए मुखिया ने इस सड़क के पक्कीकरण की मांग की थी।जिसके लिए ग्राम पंचायत मद से प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है। सड़क निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री जैसे मिट्टी और धूल भी औसतन 5 फीट तक गिराई जा चुकी है।मुखिया के पत्र के आलोक में डीडीसी साहिबगंज ने उधवा के बीडीओ सह सीओ को स्थल की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया था। इसी निर्देश के तहत मंगलवार को बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में उक्त सड़क का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर मुखिया तमाल मंडल, बीपीओ सत्यप्रकाश, जेईई विकास दास, पंचायत सचिव संतोष सुमन, राजस्व कर्मचारी मनोज पासवान सहित अन्य ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।